www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 349, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 28 जून 2026

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### महाराष्ट्र में परीक्षा स्थगित, जांच जारी

## TET Exam से ठीक पहले पेपर लीक

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** सरकार ने परीक्षा से एक दिन पहले प्रश्न पत्र के कुछ हिस्से कथित तौर पर लीक हो जाने के बाद टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट 2026 को स्थगित कर दिया है। ळएळ परीक्षा महाराष्ट्र के 1,028 केंद्रों पर 28 जून को होनी थी। लेकिन, परीक्षा से पहले ही कुछ सवाल लीक होने के सबूत मिलने के बाद अब परीक्षा का समय बदल दिया गया है। महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद के निदेशक नंदकुमार बेडसे के अनुसार, पुलिस को 27 जून की सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि भिवंडी में कुछ लोगों के पास TET का प्रश्न-पत्र है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए भिवंडी पुलिस ने छापा मारा और उस जगह से मिली सामग्री की जांच के लिए परीक्षा परिषद के अधिकारियों को बुलाया। जांच-पड़ताल के दौरान अधिकारियों को पता चला कि जब्त किए गए दस्तावेजों में से कुछ सवाल असल ळएळ 2026 प्रश्न-पत्र से मेल खाते थे। इस बात का पता चलने के बाद, एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया और जांच चल रही है।




### शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को वसूली का सिस्टम

**महाराष्ट्र** में रविवार (28 जून, 2026) को होने वाले टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी TET 2026 की परीक्षा को पेपर लीक होने की वजह से रद्द कर दिया गया है. जिसे लेकर अब विपक्ष महाराष्ट्र में भाजपा के देवेंद्र फडणवीस सरकार के साथ केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है. वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी शनिवार (27 जून, 2026) को महाराष्ट्र ळएळ पेपर लीक को लेकर जमकर हमला किया है. उन्होंने कहा कि देश की शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को वसूली का सिस्टम बना दिया गया है, जिससे देश का हर युवा असुरक्षित है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार (27 जून, 2026) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया।

एग्जामिनेशन काउंसिल ने कहा कि NEET 2026 परीक्षा में सामने आई गड़बड़ियों को ध्यान में रखते हुए, TET की तैयारी के दौरान कई सुरक्षा उपाय किए गए थे। हालांकि, पेपर लीक होने के शक के बाद, अधिकारियों ने भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए परीक्षा को टालने का फैसला किया। काउंसिल ने एक बयान में कहा कि परीक्षा का समय इसलिए बदला गया है ।

### तीन दिन के दौरे पर सेशेल्स पहुंचे पीएम मोदी

## राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**सेशेल्स**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिन की सरकारी यात्रा पर सेशेल्स पहुँचे। इस यात्रा के दौरान वे राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ बातचीत करेंगे और द्वीपों से बने इस देश के 'नेशनल डे' के गोल्डन जुबली समारोह में शामिल होंगे। सेशेल्स इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हर्मिनी और एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मोदी का भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री को औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया गया। राष्ट्रपति हर्मिनी के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा पर गए मोदी 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के तौर पर नेशनल डे के समारोह में शामिल होंगे। वह सेशेल्स की नेशनल असेंबली को भी संबोधित करेंगे और



वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों का एक दल और भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले 2015 में सेशेल्स की यात्रा की थी। भारत और सेशेल्स के बीच साझा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा लोगों के बीच परस्पर संबंधों पर आधारित लंबे समय से घनिष्ठ साझेदारी रही है। अधिकारियों ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी के रूप में सेशेल्स का भारत के विजन महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र प्रगति) तथा ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में विशेष स्थान है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

## राजनाथ सिंह का बयान अफवाहों का था जवाब

**नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर साफ किया कि 28 जुलाई, 2025 को संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भाषण को चुनिंदा तौर पर उद्धृत किया गया, ताकि गलत मतलब निकाला जा सके कि सिंह ने दावा किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किसी भी भारतीय सैनिक की जान नहीं गई। मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि ये बातें जानबूझकर गुमराह करने वाली और तथ्यों के लिहाज से गलत हैं।

यह उन रिपोर्टों के जवाब में है जिनमें कहा गया था कि सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान शहीद



हुए छह जवानों के नाम जारी किए हैं, जबकि संसद में अपने पिछले भाषण के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा था कि पाकिस्तान के साथ चार दिन के संघर्ष में भारत का कोई भी जवान शहीद नहीं हुआ। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि जिन लोगों ने मंत्री के संसदीय भाषण को लेकर विवाद खड़ा करने की कोशिश की है, उन्होंने जानबूझकर उनकी बातों के पूरे संदर्भ को नजरअंदाज किया है।

## अफगानिस्तान में आया 6.2 की तीव्रता का भूकंप, दिल्ली से कश्मीर तक कांपी धरती

**कश्मीर**

**27 जून** 2026 यानी शनिवार शाम को दिल्ली और जम्मू कश्मीर समेत नॉर्थ इंडिया के कई राज्यों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. भूकंप पर नजर रखने वाली भारत सरकार के नोडल एजेंसी, नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने भूकंप की तीव्रता 6.2 दर्ज की है. भूकंप केंद्र अफगानिस्तान में माना जा रहा है. रिएक्टर स्केल पर यह तीव्रता के भूकंप ने हाल ही में आए वेनेजुएला के भूकंप और फिलीपींस की याद दिला दी है.

NCS के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था. रिक्टर



स्केल पर इसकी तीव्रता 6.2 थी. एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि भूकंप शाम 7 बजे आया है. जियोलॉजिकल सर्वे की मानें तो भूकंप नॉर्थ और ईस्ट अफगानिस्तान के जुर्म से 43 किमी साउथ में आया है. इन झटकों से राजधानी के कुछ इलाकों में अफरा-तफरी मच गई. लोग अपने घरों और ऑफिस के बाहर निकल आए. भूकंप वेनेजुएला में आए दो भूकंप के कुछ दिनों बाद दर्ज किया गया है. वेनेजुएला में 920 लोगों की मौत हो चुकी है।

## मुहर्रम में हजारों को जहर देने की साज़िश नाकाम

**मुंबई**

**गुलमर्ग** पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में, लाइन ऑफ कंट्रोल (छङ्कउ) के पास सुमली वाली ढोक में आशा पोस्ट के नजदीक एक रहस्यमय धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पहचान जबीर अहमद बाजाद के तौर पर हुई है, जो मोहम्मद रफीक बाजाद का बेटा था और बारामूला के चंदूसा में गलीबल का रहने वाला था। धमाके में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चार घायल लोगों को इलाज के लिए ले जाया गया। अधिकारियों ने धमाके की वजह का पता लगाने के




लिए जांच शुरू कर दी है। घटना के बारे में और जानकारी का इंतजार है। मुंबई पुलिस ने शनिवार को कहा कि उन्होंने शहर में मुहर्रम के जुलूस में शामिल लोगों को निशाना बनाने की कथित साज़िश को नाकाम कर-के एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया है। पुलिस के मुताबिक, धार्मिक जुलूस में शामिल लोगों के बीच ज़िंक फॉस्फाइड (एक बहुत जहरीला पदार्थ) वाली कैप्सूल बांटने की कथित योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि अगर इस संदिग्ध योजना को अंजाम दिया जाता, तो हजारों लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। बांटे जाने से पहले लगभग 15,000 कैप्सूल जब्त किए गए मीडिया से बात करते हुए, ऊळढ (सेंट्रल रीजन, जोन 1) जयंत मीणा ने बताया कि मुहर्रम के जुलूस के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दवा जैसी चीज बांट रहा है, जिसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति के पास से आधार और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज बरामद किए ।

## चंपत राय-अनिल मिश्रा के इस्तीफे की हुई आधिकारिक पुष्टि

**अयोध्या**

**राम** मंदिर के लिए दिए गए दान में कथित चोरी के मामले में, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद गिरि ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि महासचिव चंपत राय ने ट्रस्ट से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि राय के इस्तीफे की खबरें पहले ही सामने आ चुकी थीं, लेकिन ट्रस्ट के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह पहली आधिकारिक पुष्टि है। इसके तुरंत बाद, राम मंदिर ट्रस्ट ने भी एक बयान जारी कर पुष्टि की कि उसे चंपत राय का इस्तीफा मिल गया है। ट्रस्ट ने आगे बताया कि ट्रस्टी अनिल

### बैठक में तय होगी अगली भूमिका



मिश्रा ने भी अपना इस्तीफा सौंप दिया है। ये इस्तीफे ऐसे समय में आए हैं जब अयोध्या राम मंदिर में दान की कथित चोरी की जांच चल रही है। भक्तों के चढ़ावे के प्रबंधन में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बाद इस मामले ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम मामले की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच में दान की गिनती की प्रक्रिया के प्रशासन द्वारा प्रबंधन को लेकर चंपत राय की भूमिका की जांच की जा रही है। हालांकि जांचकताओं ने यह आरोप नहीं लगाया है कि राय ने सीधे तौर पर गिनती या निगरानी कार्यों को संभाला, लेकिन रक्ळ ने कथित तौर पर सवाल उठाया है कि क्या संदिग्ध चोरी के बारे में शिकायतों को वरिष्ठ अधिकारियों के ध्यान में लाए जाने के बावजूद नजरअंदाज कर दिया गया था।

## दूसरे टी20 में भी वैभव सूर्यवंशी को नहीं मिलेगा मौका!

**आयरलैंड**

**आयरलैंड** ने पहले टी20 में टीम इंडिया को 440 वोल्ट का झटका दिया. खूंखार बल्लेबाजों से लैस भारतीय टीम को आयरलैंड ने पहले टी20 में चारों खाने चित्त कर दिया. बेलफास्ट में खेले गए पहले टी20 में आयरलैंड ने टीम इंडिया को 183 रनों का लक्ष्य दिया था. जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 148 रनों पर ढेर हो गई. भारत के खिलाफ आयरलैंड की यह पहली जीत रही. यहां जानें दूसरे टी20 में टीम इंडिया कितने बदलाव के साथ उतर सकती है.

बिना किसी बदलाव के उतर सकती है आयरलैंड की टीम

भारत के खिलाफ इस सीरीज में आयरलैंड के छह मुख्य खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं. आयरिश टीम कई नए चेहरों के साथ पहले टी20 में उतरी. युवा खिलाड़ियों ने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन किया. भारत के राजस्थान से आयरलैंड गए तेज गेंदबाज जय मूंदरा ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट चटकाए. अब आयरलैंड की टीम दूसरे टी20 में बिना किसी बदलाव के उतर सकती है. वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू के लिए करना होगा इंतजार!

## भारत में डिजिटल हेल्थ क्रांति की नई शुरुआत!

**नई दिल्ली**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा 29 जून को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई डिजिटल पहल शुरू करेंगे, जो भारत के डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में एक बड़ी प्रगति होगी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, नेशनल हेल्थ अथॉरिटी और नेशनल रिसोर्स सेंटर फॉर EHR स्टैंडर्ड्स द्वारा शुरू की गई इन पहलों का मकसद हेल्थकेयर तक पहुंच बढ़ाना, इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत करना और देश भर में स्वास्थ्य के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर



को अपनाने की गति को तेज करना है।

इस लॉन्च इवेंट में राज्य के प्रतिनिधि, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, हेल्थकेयर लीडर्स, टेक्नोलॉजी पार्टनर, इंडस्ट्री के प्रतिनिधि और स्टेकहोल्डर्स एक साथ आएंगे।

इसका मकसद एक ऐसे हेल्थकेयर सिस्टम की दिशा में हुई प्रगति को उजागर करना है जो आपस में जुड़ा हो और जिसमें अलग-अलग सिस्टम एक-दूसरे के साथ आसानी से काम कर सकें।

इस दौरान जो पहल शुरू की जाएंगी, उनमें नागरिकों के लिए ऐप्स, सर्विस देने वालों के लिए टूल्स, इंटरऑपरेबिलिटी फ्रेमवर्क, रजिस्ट्रियां और डेटा स्टैंडर्ड्स शामिल होंगे। इनसे नागरिकों, हेल्थकेयर सर्विस देने वालों, इंश्योरेंस कंपनियों, टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स और पॉलिसी बनाने वालों के लिए एक्सेस, दक्षता और इंटरऑपरेबिलिटी को बेहतर बनाया जा सकेगा। नागरिकों के लिए एक व्यापक पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड एप्लीकेशन , 'आरोग्य सेतु 2.0' पर खास ध्यान दिया जाएगा।

## कोलकाता हादसा: 16 मौतों के बाद एक्शन में पुलिस, पूर्व मेयर फिरहाद हकीम और दो पूर्व पार्षदों के खिलाफ शिकायत दर्ज



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की राजधानी कोलकाता के तारातला इलाके में बुधवार (24 जून, 2026) को दोपहर करीब 12 बजे एक निमार्णाधीन वेयरहाउस के ढह जाने की घटना में 16 लोगों की मौत और 17 अन्य के घायल होने की पुष्टि हो चुकी है. वहीं, अब तक इस मामले में 6 लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है.

इस मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने शुक्रवार (26 जून, 2026) को कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहार हकीम के साथ कोलकाता नगर निगम के दो पूर्व पार्षदों अनवर खान और शम्स इकबाल के खिलाफ शिकायत दर्ज की है.

पुलिस ने मामले को लेकर बताया, हमें फिरहाद हकीम और दो पूर्व पार्षदों अनवर खान और शम्स इकबाल के खिलाफ शिकायतें मिली हैं. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इलाके में कई अवैध इमारतों का निर्माण किया गया है और इस मामले में तीनों की भूमिका की गहनता से जांच होनी चाहिए. ऐसे में मामले की जांच की जा रही है. फिरहाद हकीम और दो पूर्व पार्षदों के खिलाफ यह शिकायत ऐसे समय पर दर्ज कराई गई है, जब दो दिन पहले गुरुवार (25 जून, 2026) को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा में कहा था कि तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाले कोलकाता नगर निगम के पूर्व बोर्ड ने गलतियों से भरे डिजाइन होने के बावजूद इस वेयरहाउस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी. उन्होंने सदन में पूर्व मेयर फिरहाद हकीम का नाम लिए बिना ही उस पर निशाना साधा था।

## 'विकास की नई उड़ान भर रहा उत्तर प्रदेश

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया, विकास कार्यों की समीक्षा की और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्यमंत्री का यह दौरा प्रदेश में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

हम आपको बता दें कि मुख्यमंत्री दोपहर में जेवर स्थित हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां से वह यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर दस गए। यहां उन्होंने अम्बर समूह और ऐसेन्ट के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण संयंत्र का शिलान्यास किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सेक्टर आठ पहुंचे, जहां उन्होंने सौर ऊर्जा उपकरण निर्माण से जुड़े सेल के सौर निर्माण संयंत्र की आधारशिला रखी। अधिकारियों के अनुसार इन परियोजनाओं से प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

जानकारी के अनुसार अम्बर समूह ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग छह हजार सात सौ पचासी करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। समूह द्वारा वातानुकूलन उपकरणों के पुर्जों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा अन्य आधुनिक सामग्री के निर्माण के लिए इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं से तीन हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। अधिकारियों का कहना है कि इन इकाइयों के शुरू होने से देश में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्माण और आपूर्ति



व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके बाद नोएडा के सेक्टर 96 में नोएडा प्राधिकरण के नये प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। लगभग तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये की लागत से बने इस भवन का निर्माण वर्ष 2016 में शुरू हुआ था, लेकिन कोरोना महामारी और ठेकेदार से जुड़ी समस्याओं के कारण इसमें देरी हुई। अब यह भवन पूरी तरह तैयार हो चुका है।

हम आपको बता दें कि नोएडा प्राधिकरण का नया प्रशासनिक परिसर छह एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें चार तथा आठ मंजिला दो टावर बनाए गए हैं। पहले इसकी योजना अठारह और नौ मंजिला इमारतों के रूप में तैयार की गई थी, लेकिन बाद में इसमें बदलाव किया गया। इस भवन के बन जाने से अब नोएडा प्राधिकरण के सभी विभाग एक ही परिसर में संचालित होंगे, जिससे लोगों को विभिन्न सेवाओं के लिए अलग अलग स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। अभी तक प्राधिकरण के विभाग सेक्टर 6, 19, 20 और 39 सहित कई स्थानों पर संचालित हो रहे थे, जिससे आम लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 92 जोड़े सात फेरों के बंधन में बंधे, खुशियों और मंगलगीतों से गूंजा रुदापुर गांव

क्राशरः चार ब्लॉक के नवदंपतियों ने अग्नि को साक्षी मानकर लिए सात फेरे, ब्लॉक प्रमुख ने भेंट किए उपहार और दिया सुखद दांपत्य जीवन का आशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को सहसों के जनता इंटर कॉलेज, रुदापुर देवनहरी में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड फूलपुर, सहसों, बहादुरपुर एवं बहरिया के कुल 92 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार और अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरों के साथ परिणय सूत्र में बंध गए तथा जीवनभर एक-दूसरे का साथ एवं सुखमय दांपत्य जीवन निभाने का संकल्प लिया। जिसमें से दो मुस्लिम जोड़ो ने रीति रिवाज के साथ निकाह पढ़ी। समारोह का आयोजन पूरी गरिमा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ



संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनता इंटर कॉलेज परिसर को विवाह स्थल की भांति रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक मंडप, पुष्प सज्जा एवं भव्य स्वागत द्वारों से सुसज्जित किया गया था। मांगलिक गीतों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न विवाह समारोह ने सभी का मन मोह लिया। नवदंपतियों और उनके परिजनों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। विवाह संपन्न होने के उपरांत विकासखंड सहसों की ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने सभी नवविवाहित जोड़ों को प्रदेश सरकार की ओर से प्रदान किए जाने वाले उपहार भेंट किए तथा उनके सुखद, सफल और समृद्ध वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। यह योजना बेटियों के सम्मान को बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और समानता की भावना को भी सुदृढ़ कर रही है।

इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला विकास अधिकारी रामशंकर पटेल, खंड विकास अधिकारी सहसों रामवीर सिंह पाल, खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर आनंद प्रकाश पांडेय, खंड विकास अधिकारी बहरिया कवित तिवारी, खंड विकास अधिकारी फूलपुर अमित कुमार, एडीओ पंचायत राजेश सिंह, एडीओ समाज कल्याण अखिलेश यादव, जनता इंटर कॉलेज के प्रबंधक सचिन शुक्ल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार, बृजेश पटेल, बृजेश त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नवदंपतियों के परिजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव परिवार मंदिर की हुई प्राण-प्रतिष्ठा, शिव बारात में हर हर महादेव का हुआ जयघोष

**सहसों।** गारापुर के मथुरा उर्फ पारनडीह गांव में नवनिर्मित शिव परिवार मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य धार्मिक आयोजन यजमान प्रेमचंद शुक्ल के संयोजन में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंडप स्थापना, वेदी पूजन, अग्नि स्थापना तथा नवग्रह सहित विभिन्न देवी-देवताओं के पूजन-अर्चन से हुआ। इसके उपरांत भगवान शिव, शिवलिंग, शिव परिवार एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं का विधि-विधान से दुग्ध, दधि, घृत एवं पवित्र जल से अभिषेक कर सुगंधित पुष्पों से अलंकृत किया गया तथा वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई।

धार्मिक आयोजन के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता से भव्य शिव बारात एवं कलश यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान शिव बारात का विभिन्न मंदिरों पर स्वागत किया गया। सिर पर पूजित कलश धारण किए महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं, जबकि श्रद्धालु भक्ति संगीत की धुन पर नृत्य करते हुए 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। नगर भ्रमण के बाद शिव बारात मंदिर परिसर पहुंची, जहां घंटा, घड़ियाल और शंखनाद के बीच देवविग्रहों की महान्यास आरती की गई। इसके पश्चात सुंदरकांड का पाठ, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर को प्राकृतिक पुष्पों एवं आकर्षक विद्युत झालरों से भव्य रूप से सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर राम सजीवन शुक्ल (पूर्व प्रवक्ता), रमाशंकर शुक्ल, राम शिरोमणि शुक्ल, अश्विनी, रमेश चंद्र, कृष्ण चंद्र, मनोज कुमार, शिवकुमार, अरविंद शुक्ल, लवकेश मिश्र, नवयुवक ब्राह्मण समाज के संगठन मंत्री प्रमोद शुक्ल, सुनील कुमार, अनूप कुमार, अधिवक्ता प्रवेश शुक्ल, विजय कुमार, विजय तिवारी, सूर्यमणि पांडे, पवन शुक्ला, भुनेश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहकर पूजन-अर्चन के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

## राष्ट्रभक्ति और अनुशासन के संस्कारों से गूंजा सहसों तीन दिवसीय संघ प्राथमिक शिक्षा वर्ग का शुभारंभ

**सहसों।** योग, बौद्धिक सत्र और संगठनात्मक प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयंसेवकों में सेवा व समर्पण की भावना के विकास हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड सहसों का तीन दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग शुक्रवार सायंकाल श्री राम जानकी वाटिका सहसों में विधिवत प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य स्वयंसेवकों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सेवा, सामाजिक समरसता तथा संगठनात्मक कार्यों के प्रति समर्पण की भावना का विकास करना है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रमोद गुप्ता ने प्राथमिक शिक्षा वर्ग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के संस्कारों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संघ का प्रशिक्षण समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा देता है। शनिवार प्रातः प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार तथा विभिन्न



शारीरिक व्यायामों से हुआ। इसके उपरांत आयोजित बौद्धिक सत्र में शिव कैलाश ने राष्ट्र के उन्नयन, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों तथा संगठन की भूमिका पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाजहित और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। प्राथमिक शिक्षा वर्ग का संचालन जिला सह विभाग प्रमुख इंजीनियर बद्री सिंह के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को अनुशासन, संगठनात्मक कार्यपद्धति, राष्ट्र सेवा तथा भावी पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करने से संबंधित विभिन्न विषयों का व्यावहारिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य शिक्षक रितेश जी एवं पुरुषोत्तम जी ने विभिन्न सत्रों में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए संगठन के उद्देश्य, कार्यपद्धति एवं सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बृजेश जी, मूलचंद जी, राजनाथ जी, पवन सिंह, मनोज जी, शैलेंद्र, धर्मराज, शिव बाबू गुप्ता, प्रहलाद मोदनवाल, योगाचार्य धर्मचंद सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला को जेठ व उसके दबंग बेटों ने गला दबाकर मारा-पीटा

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर गांव की एक महिला व उसके बेटे को जेठ अख्तर अली व उसके दबंग बेटों से जान का खतरा बना हुआ है। जहां बेटे को जान मारने की धमकी दे



रहे हैं वहीं महिला को गला दबाकर मारा पीटा गया। मामले में पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर दी है। मंडौर गांव निवासी शहनाज बानो पत्नी समसुद्दीन का आरोप है कि उसके जेठ अख्तर अली जेठ के बेटे फजल और अफसर जान के दुश्मन बन गये है। मामूली बातों को लेकर पीड़ित महिला के बेटे को जहां जान मारने की धमकी दे रहे हैं वहीं पीड़ित महिला को मारते पीटते रहते हैं। 25 जून दिन गुरुवार सुबह को उपरोक्त लोग मिलकर महिला को गला दबाकर घर पर मारा पीटा तथा जान मारने की धमकी दी गई। पीड़ित महिला इस संबंध में थाने पर प्रार्थना पत्र देकर थाना अध्यक्ष विनय कुमार सिंह से न्याय की गुहार लगाई है।

## भीषण गर्मी से लोग परेशान, बारिश के आसार नहीं : 43.4°C तापमान से जानवर भी परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में भीषण गर्मी पड़ रही है। पिछले एक सप्ताह से शहर का अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। इसके चलते प्रयागराज देश के सबसे गर्म शहरों में शामिल है। शनिवार सुबह भी तेज धूप के साथ दिन की





शुरूआत हुई। सुबह करीब 37 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो दिन चढने के साथ लगातार बढ़ता रहा। तेज धूप, गर्म हवाओं और उमस भरे मौसम ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। सड़कों पर दोपहर के समय आवाजाही कम दिखाई दे रही है और जरूरी काम होने पर ही लोग बाहर निकल रहे हैं। गर्मी और उमस के कारण हर कोई राहत की तलाश में नजर आ रहा है। भीषण गर्मी का असर सिर्फ लोगों पर ही नहीं, बल्कि बेजुबान जानवरों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। गाय और अन्य पशु पेड़ों की छांव में खड़े होकर गर्मी से बचने की कोशिश कर रहे हैं, गर्मी का असर इंसानों के साथ-साथ जानवरों पर भी बराबर पड़ रहा है। मौसम में लगातार उमस बनी हुई है और फिलहाल लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह दे रहे हैं। शहरवासी अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं, ताकि भीषण गर्मी और उमस से कुछ राहत मिल सके।

विश्व संवाद परिषद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंडियन योग एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगाचार्य डॉ रमेश चंद्रा ने कहा की गर्मी से बचने के लिए अपनाएं ये उपाय, दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें। ,पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के रंग और सूती कपड़े पहनें।, बाहर निकलते समय सिर को गमछे, टोपी या छाते से ढकें। बच्चों और बुजुर्गों को धूप में ज्यादा देर तक न रहने दें।, चक्कर आना, अत्यधिक प्यास लगना या कमजोरी महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

## शानो-शौकत से निकला शहाबपुर का ताजिया

**जंघई।** मोहर्रम का चांद दिखने के बाद ताजिया बनाकर दसवें दिन शुक्रवार को शहाबपुर एवं दर्जनों गांव का ताजिया साथर डीह करबला के लिए निकला, हजरत हसन हुसैन की याद मे अकीकदमंदो द्वारा विभिन्न भागों से होते हुए शानों शौकत के साथ भारी संख्या मे महिलाओं, बच्चों, पुरुषों के साथ करबला पहुँचाया गया। इस्लाम धर्म की मान्यता के



मुताबिक, हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के 10 वें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। उनकी शहादत और कुर्बानी के तौर पर इस दिन को याद किया जाता है। मोहर्रम जुलूस में कानून व्यवस्था हेतु एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय एवं थानाध्यक्ष सरायममरेज अरुण कुमार सिंह दर्जनों पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर पप्पू केसरवानी, इरशाद चौधरी, जुबेर अहमद, अनस, राजू, शादाब, डॉ वासी, परवेज, मुशीक, तारिक, एडवोकेट इसरार, अंसारी, इंतेखाब, लालू, जावेद, इस्सन दरगाही, मेराज, सरफराज, इम्तियाज, उमर, हनीफ, नफीस, नदीम, कैफ, शमीम, शेखू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर रोजगार सेवक

1 जुलाई को लखनऊ में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम मे शामिल होगें रोजगार सेवक

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** मनरेगा योजना में 18 वर्षों से कार्यरत रोजगार सेवक अपने नियमितीकरण के लिए एक जुलाई को विधानसभा घेराव के लिए लखनऊ कूंच करेंगे। फूलपुर विकास खण्ड के सभागार में शनिवार को आयोजित रोजगार सेवकों की बैठक को सम्बोधित करते हुए ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष विजय चन्द्र विश्वकर्मा ने कहा की योजना का नाम बदल देने से विकास नहीं होता बल्कि योजना के क्रियान्वयन मे लगे कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि के अनुसार एक सम्मान जनक मानदेय व विकास कार्यो में बाधक समस्याओ का निराकरण करने से विकास अपेक्षा कृत तेजी से होता है। वही सरकार 18 वर्षों से गावों के विकास में अपनी महत्वपूर्ण निभाने वाले रोजगार सेवको को नियमित मानदेय देने में भी विफल है। जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने कहा की सरकार और प्रशासन के आला



अफसरों ने रोजगार सेवकों की जिंदगी को बद से बदतर बनाने में कोई कसर नही छोडी है। इस महगाई में अल्प मानदेय में काम करने वाले रोजगार सेवकों को छह महीने से अधिक समय तक मानदेय न देना सरकार की उदासीनता एवं अधिकारियो की गलत नितियों का परिचायक है। इसलिए प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पूरे प्रदेश के रोजगार सेवक लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन करेंगे। जिला प्रवक्ता संगम लाल यादव ने कहा की सरकार रोजगार सेवकों को लेकर संवेदनशील नहीं है यही कारण है की आज रोजगार सेवक भुखमरी की कगार पर हैं। जिला प्रभारी हरिओम प्रकाश ने रोजगार सेवकों से धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुचने की अपील की। मौके पर बसंत कुमार, अजय गुप्ता, राहुल प्रभाकर, सुरेश चन्द्र, रंजीत यादव, उपेन्द्र पटेल, हरिओम यादव, अनिल कुमार, रविन्द्र मिश्रा, विनोद कुमार, प्रभाकर गौतम, यादवेन्द्र यादव सहित अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## मानहानि का आरोप, दैनिक समाचार पत्र के संपादक के खिलाफ तहरीर

**सोरांव।** स्थानीय अधिवक्ता ने एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संपादक के खिलाफ मानहानि का आरोप लगाते हुए सोरांव थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जमुई निवासी अधिवक्ता राम सूरत पटेल ने शनिवार को पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि एक महिला द्वारा उनके विरुद्ध थाने में केवल तहरीर दी गई थी, जबकि उस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। इसके बावजूद संबंधित हिंदी दैनिक समाचार पत्र में उनका नाम और पता लिखकर खबर प्रकाशित कर दी गई। अधिवक्ता का कहना है कि समाचार प्रकाशित होने से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और उनकी मानहानि हुई है। उन्होंने संपादक और संबंधित पत्रकार के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## UP राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय : बीएड और बीएड एसई की 1100 सीटों पर होगा प्रवेश, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (मुवि) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएड और बीएड (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। 17 जुलाई आवेदन की अंतिम तिथि है। विलंब शुल्क के साथ 18 से 23 जुलाई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार का अवसर 24 और 25 जुलाई को मिलेगा। अभ्यर्थी 30 जुलाई से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा का संभावित आयोजन सात अगस्त को होगा। 10 अगस्त को परिणाम घोषित किए जाने का कार्यक्रम है। 17 अगस्त से काउंसिलिंग प्रस्तावित है। बीएड विशिष्ट शिक्षा पाठ्यक्रम में कुल 550 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसमें 50 सीटें ईडब्ल्यूएस की है। यह पाठ्यक्रम बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवण बाधिता और दृष्टि बाधिता जैसे क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 11 अध्ययन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें प्रयागराज, चित्रकूट, रायबरेली, मथुरा, अयोध्या, मीरजापुर, आगरा और अमरोहा शामिल हैं।

## जसरा में सजा दिव्य दरबार, सैकड़ों श्रद्धालुओं की समस्याओं का हुआ निराकरण

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु, संत जय महाराज जी ने लगाया दिव्य दरबार

**ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र के आयोजन में उमड़ी आस्था, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु**

**जसरा।** ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र, जसरा के तत्वावधान में श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को भव्य दिव्य दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत जय महाराज जी के सानिध्य में आयोजित दरबार में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी पारिवारिक, सामाजिक एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सहभागिता की।

शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे प्रारंभ हुए दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज से



आए लोगों ने पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों से उन्हें मानसिक शांति, आत्मबल एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की थीं, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने संत जय महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त कर समाज में प्रेम, सद्भाव और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आचार्य कृष्णानंद महाराज, ज्ञानेन्द्र पंडित, राजू



केशवानी, आनन्द जायसवाल, अनंत तिवारी, दीपू पंडित, अभय मिश्रा, कृपा सिंधु त्रिपाठी, आलोक पंडित, अनुराग मालवीय, विनीत द्विवेदी, नीरज केसरवानी, संतोष सिंह, सोनू कुशवाहा, शिवम शुक्ला सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## उमस भरी गर्मी में अंधेरे में रहने को मजबूर बारीपुर मजरे के ग्रामीण

**तीन दिनों से ट्रांसफॉर्मर खराब, शिकायत के बावजूद विभाग मौन**

**पसना।** कोरांव के तरांव ग्राम पंचायत स्थित बारीपुर मजरे के ग्रामीण पिछले 48 घंटों से बिजली कटौती का सामना कर रहे हैं। बिजली फाल्ट के कारण पूरा इलाका अंधेरे और उमस भरी गर्मी में रहने को मजबूर है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग का कोई भी कर्मचारी फाल्ट ठीक करने मौके पर नहीं पहुंचा है, जिससे उनमें गहरा आक्रोश है।

यह समस्या संबंधित कोरांव विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले बारीपुर मजरे में उत्पन्न हुई है। बताया जा रहा है कि बस्ती में लगे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर में फाल्ट आ गया है, जिसके कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को फाल्ट सही करने के लिए कई बार सूचना दी है। हालांकि, बार-बार शिकायत के बावजूद, कोई भी विद्युत कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा और न ही समस्या का समाधान किया गया।



इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। अरुण कुमार मिश्रा, दिनेश मिश्रा, राजू पाण्डेय, राजेश मिश्रा, मनोज तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, योगेश तिवारी, रमेश चौहान, अनिल कुमार विश्वकर्मा, गौरी शंकर विश्वकर्मा और अमित विश्वकर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने विभाग के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर फाल्ट को ठीक कराने की मांग की है।

# डीएम की सख्ती: स्कूलों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन नहीं हटी तो अभियंताओं पर दर्ज होगा मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई अहम मुद्दों पर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइनों और लंबित विद्युत संयोजन के मामलों पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में संबंधित अधिशासी अभियंता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को संगम सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने करछना और कोरांव के खंड शिक्षा अधिकारियों के बैठक से अनुपस्थित रहने तथा कार्यों में लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि विभाग की ओर से धनराशि जमा किए जाने के बावजूद 26 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन अब तक नहीं हटाई गई है। इस पर जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। वहीं 218 विद्यालयों में अब तक विद्युत संयोजन नहीं होने पर भी नाराजगी जताई और जल्द कार्य पूरा करने को कहा।

जिलाधिकारी ने एक जुलाई से शुरू होकर 15 जुलाई तक चलने वाले दूसरे चरण के स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से वंचित न रहे। कक्षा पांच से छह और कक्षा आठ से नौ में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के साथ नामांकन की ऑनलाइन फीडिंग भी समय से कराने को कहा।

उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को नियमित विद्यालय निरीक्षण करने, छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने तथा नए शैक्षिक सत्र में बेहतर शैक्षणिक माहौल और गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय करछना, अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय सहित अन्य निमार्णाधीन विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने, सभी 19 मानकों की संतृप्ति सुनिश्चित करने, विद्यालयों में फर्नीचर, दिव्यांग शौचालय, बाउंड्रीवाल, विद्युतीकरण तथा छायादार पौधों के रोपण पर भी जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने पीएम श्री विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने तथा निपुण भारत मिशन के तहत एप पर फीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार केवल औपचारिक निरीक्षण से नहीं बल्कि प्रभावी मॉनिटरिंग और जिम्मेदारी तय करने से संभव है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ रिशु मिश्रा ने बिहार पीसीएस में 20वीं रैंक हासिल कर बनीं अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** हंडिया क्षेत्र के पाण्डेपुर गांव की बेटी डॉ. रिशु मिश्रा ने संघर्ष और मेहनत के दम पर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 2024 की संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में 20वीं रैंक हासिल कर पीसीएस अधिकारी बनने का सपना साकार कर लिया। जून 2026 में घोषित परिणाम के बाद परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

डॉ.रिशु की शुरूआती शिक्षा झूंसी स्थित सेंट्रल एकेडमी से हुई। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की परीक्षा में साक्षात्कार तक पहुंची थीं, लेकिन अंतिम चयन नहीं हो पाया। इसके बावजूद उन्होंने तैयारी जारी रखी और अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटीं। लगातार मेहनत का परिणाम उन्हें बिहार पीसीएस में शानदार सफलता के रूप में मिला। उन्होंने बताया कि अभी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के साक्षात्कार भी शेष हैं।

डॉ. रिशु ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम को दिया। उनके पिता संजय मिश्रा उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (एसआई) के पद पर बलिया जिले में तैनात हैं।

बेटी की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि डॉ. रिशु की सफलता ग्रामीण परिवेश से आने वाली बेटियों के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के तहत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को नवीन मुंडेरा मंडी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सील, अभिलेखों और रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी व्यवस्थाएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप बनी रहनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) उपमा पांडेय, बंदोबस्त अधिकारी संजीव कुमार, ईवीएम के नोडल अधिकारी, मंडी समिति मुंडेरा के सचिव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इनमें भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष डॉ. देवी सिंह पटेल, अपना दल (एस) के प्रदेश सचिव शमसाद आलम, समाजवादी पार्टी के यमुनापार मतदाता सूची प्रभारी अधिवक्ता राकेश यादव तथा गंगापार प्रभारी दूधनाथ पटेल शामिल रहे।

## एमएसएमई दिवस पर 215 उद्यमियों को 19.25 करोड़ का ऋण, लाभार्थियों को मिली टूलकिट

**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शनिवार को संगम सभागार में जिला उद्योग केंद्र की ओर से टूलकिट वितरण एवं ऋण स्वीकृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, एमएसएमई, विश्वकर्मा श्रम सम्मान और एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक और टूलकिट वितरित किए। इस दौरान विभिन्न बैंकों ने 215 लाभार्थियों को करीब 19.25 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त उद्योग उमेश चंद्र वर्मा सहित संबंधित अधिकारी और लाभार्थी मौजूद रहे।

# बारा मे थाना समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न

## 12 साल से सरकारी चकमार्ग पर कब्जे की शिकायत, एडीएम के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

**बारा, प्रयागराज।** बारा थाना परिसर में आयोजित शनिवार को थाना समाधान दिवस में उस समय हड़कंप मच गया, जब एडीएम आपूर्ति विजय कुमार अचानक औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। एडीएम की मौजूदगी में क्षेत्र के कई पीड़ितों ने अधिकारियों के सामने अपनी गुहार लगाई। इस दौरान परसरा गांव के एक पीड़ित किसान द्वारा पिछले 12 वर्षों से सरकारी चकमार्ग को खाली कराने के लिए दोबारा शिकायती पत्र दिए जाने का मामला छाया रहा।समाधान दिवस में पहुंचे परसरा गाँव के किसान आशीष त्रिपाठी (पुत्र स्व. राम मूर्ति त्रिपाठी) ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र सौंपा। पीड़ित के मुताबिक, जसरा-चिल्ला संपर्क मार्ग स्थित मौजा चिल्ला परसरा चौराहे पर उनकी निजी भूमिधारी जमीन है। इस खेत तक जाने के लिए राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग संख्या 1847 (रकबा 0.137 हेक्टेयर) दर्ज है। आरोप है कि साल 2014 में एक पड़ोसी काश्तकार ने इस सरकारी चकमार्ग पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया था। उस समय शिकायत




करने पर तहसील प्रशासन ने काम तो रुकवा दिया और जांच में भी चकमार्ग पर अवैध कब्जा पाया गया, लेकिन आज तक उस निर्माण को गिराकर रास्ता खाली नहीं कराया गया। पीड़ित ने कहा कि वह पिछले 12 सालों से थाना, तहसील और जिला मुख्यालय के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। समाधान दिवस में जमीन विवाद और अवैध कब्जे के कई अन्य मामले भी आए, जिसमे बारा निवासी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने अपनी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए अधिकारियों से गुहार लगाई।

पांडर निवासी छोटे लाल ने उमापुर स्थित अपनी पैतृक भूमि पर से अवैध कब्जा खाली कराने के संबंध में शिकायती पत्र दिया। औचक निरीक्षण पर पहुंचे एडीएम आपूर्ति विजय कुमार ने मातहतों को शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसीपी बारा वेद व्यास मिश्रा, नायब तहसीलदार विजय कुमार, और बारा थाना इंस्पेक्टर संजय कुमार राय मौजूद रहे। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्रों के राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) और हल्का लेखपाल भी मौजूद रहे, जिन्हें मौके पर जाकर पैमाइश और कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# बकचूंदा चकमार्ग विवाद : रात में मिट्टी डालकर जबरन चकमार्ग बनाने के विवाद में दो पक्ष आए आमने-सामने

## पीड़ित पक्ष ने ग्राम प्रधान और उनके लड़के पर निजी बाग की भूमि पर जबरन चकमार्ग बनाने और मारपीट करने का लगाया आरोप, थाने में दी तहरीर, एक्शन न होने पर मामले में पुलिस और प्रशासन की चुप्पी पड़ सकती है भारी

**अखंड भारत संदेश**





**मेजा।** क्षेत्र के बकचूंदा गांव में चकमार्ग पर मिट्टी डालकर कब्जा करने को लेकर दो आमने सामने आ गए हैं।पीड़ित पक्ष ने ग्राम प्रधान व उनके पिता पर जबरन रास्ता बनाने और विरोध करने पर मारपीट की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। ऐसे में समय रहते पुलिस और प्रशासन ने मामले कड़ा रुख अख्तियार नहीं किया तो प्रशासन की चुप्पी भारी पड़ सकती है। गांव के विपुल तिवारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बीते 26 जून की सुबह करीब सात बजे उन्हें जानकारी हुई कि चकमार्ग गाटा संख्या 705 लगानी बाग पर रात में ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी डालकर रास्ता बना दिया गया है,जबकि वास्तविक चकमार्ग गाटा संख्या 708 है, जो 707 तक ही है। आरोप है कि जब इस संबंध में उनके चाचा राजबल्लभ तिवारी ने शेषमणि यादव से बात की, तो उन्होंने डीएम के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि सड़क बनकर रहेगी और अभद्रता शुरू कर दी। इसी दौरान ग्राम प्रधान रमेश कुमार यादव ने अपशब्द कहते हुए हाथापाई की और उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। ऐसे में दोनों पक्षों में भीषण संग्राम होने की आशंका जताई जा रही है। जबरन चकमार्ग बनाने को लेकर गांव का माहौल बेहद गर्म और तनावपूर्ण है। यदि स्थानीय पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदारों ने समय रहते मामले में हस्तक्षेप नहीं किया और चुप्पी साधे रखा तो प्रशासन की कहीं न कहीं भारी पड़ने की प्रबल आशंका जताई जा रही है।

# प्रयागराज में की तैयारी, अब कृषि प्राविधिक सहायक बने निशांत तिवारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** क्षेत्र के मोहरियांव गांव निवासी निशांत तिवारी का चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से कृषि विभाग में कृषि प्राविधिक सहायक पद पर हुआ है। सफलता की खबर मिलते ही परिवार और गांव में खुशी का माहौल छा गया।निशांत पिछले पांच-छह वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में पूरी करने के बाद प्रयागराज में रहकर लगातार मेहनत की। लंबे संघर्ष के बाद मिली इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ निरंतर प्रयास को दिया।निशांत के पिता पंडित रविंद्र नाथ तिवारी बिहार में शिक्षक हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। बेटे के चयन की सूचना मिलते ही परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मां ने भावुक होकर बेटे को गले लगाया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।निशांत की सफलता पर गांव और क्षेत्र के लोगों ने उनके घर पहुंचकर तथा सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से बधाई दी। ग्रामीणों ने उनकी उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि मेहनत और धैर्य से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# बाढ़ और सूखे से निपटने की तैयारियां तेज, मंडलायुक्त ने सभी विभागों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

**प्रयागराज।** संभावित बाढ़ और सूखे की स्थिति से निपटने के लिए मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने शनिवार को ऑनलाइन माध्यम से मंडलीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी संबंधित विभागों को समय रहते आवश्यक तैयारियां पूरी करने और राहत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत शिविर, राशन किट, भोजन, पेयजल, नावों की उपलब्धता तथा पशुओं के लिए चारा और टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नालों व सीवरों की सफाई, खुले सीवरों को ढकने, जर्जर विद्युत पोल व ढीले तारों की मरम्मत तथा वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों, तहसीलों में बनाए गए राहत शिविरों और गौशालाओं का निरीक्षण कराने के साथ खाद्यान्न सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। संभावित सूखे की स्थिति को देखते हुए सभी जिलों में पेयजल के लिए पर्याप्त टैंकरों की व्यवस्था तथा किसानों की फसलों के लिए नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रयागराज के जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वयंबर गेस्ट हाउस सिरसा में आयोजित होगा सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन

## आगामी एक जुलाई को होने वाले भव्य आयोजकों को लेकर तैयारियां जोरो पर

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए के जननायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वा जन्मदिन आगामी 1 जुलाई को अमिलहवा स्थित स्वयंबर गेष्ट हाउस में मनाया जाएगा ,कार्यक्रम के संयोजक सहकारी क्रय विक्रय समिति के पूर्व अध्यक्ष रामसागर सिंह यादव मुखिया यादव ने बताया मुखिया ने बताया कि यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से शुरू होगा। उन्होने जन्मदिन के आयोजन में सपाइयों के जमघट होने का दावा किया है। संविधान रक्षा आंदोलनइसी के अगुवा तथा दलितों, शोषितों और वंचितों के हक व सम्मान के लिए मुखर रहने वाले संयोजक




रामसागर यादव उर्फ मुखिया

रामसागर यादव 'मुखिया' ने कहा कि जनप्रिय नेता अखिलेश के जन्मदिन का आयोजन पूरे उत्साह के साथ, भव्य तरीके से आयोजित होगा जिसके लिए अभी से तैयारियां की जा रही हैं।

सपा नेता मुखिया यादव ने बताया कि आयोजन के मुख्य अतिथि सपा के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद होंगे। अध्यक्षता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णमूर्ति सिंह यादव करेंगे कार्यक्रम के आयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार यादव और संरक्षक सिरसा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्यामकृष्ण यादव पप्पू हैं। कार्यक्रम में लोक कलाकार रुचि यादव व सूरज यदुवंशी विरहा लोकगीत की प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर ई.जगदीश यादव, लल्लनयादव, सनाउल्लाह पटेल, जय शंकर भारती, मंगला पाल राजकुमार यादव, महेश यादव, संजय यादव, बब्लू कुशवाहा, बृजेश यादव, सरद सोनकर, लक्ष्मी शंकर शुक्ल, रवि शंकर पांडेय जैसे बड़े चेहरे इस आयोजन में मौजूद रहेंगे।

# समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं, शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश

**पसना।** थाना कोरांव पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस एसडीएम संदीप तिवारी की अध्यक्षता में संपादित हुआ। आयोजित समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी संदीप तिवारी के सामने फरियादियों ने सबसे अधिक राजस्व विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। राजस्व की आई शिकायतों को लेकर एसडीएम संदीप तिवारी सख्त दिखे। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजस्व कर्मियों को शिकायती पत्रों के गुणवत्ता पूर्ण त्वरित निस्तारण का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम संदीप तिवारी के साथ थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक सेवालाल, निहाल गुप्ता, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक पृथ्वी राज सिंह, लेखपाल अनुज कुमार के अलावा अन्य पुलिस कर्मी और राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल मौजूद रहे।

# दुकान पर सामान लेने गए किशोर को दबंगों ने गला दबाकर की मारपीट

## पीड़ित किशोर की वृद्ध दादी गुलाब कली ने मेजा थाने में शिकायती पत्र देकर लगाई कार्यवाही की गुहार,थाने में दिया कुकुरकटवा ट्रिपल मर्डर कांड का उदाहरण कहा ऐसी ही छोटी मोटी शिकायत मानकर पुलिस ने नहीं की थी कार्यवाही

**मेजा।** दुकान पर सामान खरीदने गए एक दलित किशोर को कथित दबंगों द्वारा गला दबाकर मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित किशोर की दादी गुलाब कली ने थाना मेजा में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। प्रकरण मेजा थाना क्षेत्र के बरसैंता (पुरानी बस्ती) का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव की रहने वाली गुलाब कली पत्नी स्व.केवला प्रसाद आदिवासी ने शनिवार को मेजा थाने में बरसैंता गांव के ही नई बस्ती निवासी अमन निषाद पुत्र बाबूलाल और उसके तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध दी गई तहरीर में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि उसका दस वर्षीय नाबालिक किशोर गांव में ही स्थित दुकान से सामान लेने गया था जहां आरोपी अमन निषाद और उसके तीन अज्ञात



पीड़िता गुलाब कली

साथी पूर्व से मौजूद थे। वृद्ध महिला गुलाब कली अनुसार पूर्व की किसी बात की रंजिश को लेकर आरोपी और उसके साथियों ने पहले किशोर के साथ इधर उधर की बात की फिर बाद में उसका गलाकर थप्पड़ जड़ दिए जिसके बाद किशोर रोता हुआ घर पहुंचा और बीती अपनी दादी व अन्य परिजनों को बताया। प्रकरण के बाबत वृद्ध गुलाब कली की बातों को सच माना जाए तो उसके अनुसार उसका दूसरा नाती अंशू जो उसकी लड़की का बेटा है ननिहाल में इन दिनों आया हुआ है वो घर पर मौजूद था। नानी गुलाब कली के कहने पर उसके साथ उलाहना देने आरोपियों के पास गया और नाबालिक के साथ हुई मारपीट के बाबत जैसे ही पूछा सभी आरोपी आक्रोशित हो गए और उसे भी गालियां एवं जान से मारने की धमकी देते हुए मारने पीटने लगे। प्रकरण के संबंध में महिला का आरोप है कि इस दौरान सभी आरोपियों ने उसे और उसके नाती अंशू को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गोली मारकर हत्या करने की धमकी दिए हैं। इतना ही नहीं मेजा थाने में दी गई शिकायत में गुलाब कली आदिवासी ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके घर बहु बेटियां हैं जो उपरोक्त आरोपियों की गतिविधियों से बेहद परेशान हैं। बताया जाता है सभी आरोपी देररात उसके घर के इर्द गिर्द मंडराते रहते हैं और दहशत का माहौल बनाते हैं। उल्लेखनीय है कि शिकायत करती महिला ने मेजा थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों से आपबीती बताती हुई क्षेत्र के कुकुरकटवा गांव में हुए ट्रिपल मर्डर कांड का उदाहरण भी दिया कहा ऐसी ही छोटी मोटी शिकायत मानकर पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया था जिसके वजह से तीन लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि वृद्ध गुलाब कली यहीं नहीं रुकी उसने आगे कहा कि उसकी शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई और आरोपियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वह उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटाने को बाध्य होगी। हालांकि पीड़िता के तेवर को देखते हुए हल्का सम्बंधित पुलिस कर्मियों ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

# डीएम एवं एसपी ने सुनीं जनसमस्यायें निस्तारण के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली देहात में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने संयुक्त रूप से जनसमस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान फरियादियों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित 12 तथा पुलिस विभाग से संबंधित 2 शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि भूमि विवाद के प्रकरणों में राजस्व-पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे और समय-सीमा और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन को न्याय पाने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। यह कार्यवाही दोनों पक्षों की उपस्थिति में पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न की जाएगी ताकि विवादों का स्थायी समाधान हो सके। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने पुलिस-जनसंपर्क को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गैंगरेप मामले में सुलह समझौते का बना रहे दबाव

**पट्टी।** सामूहिक दुष्कर्म गैंगरेप के मुकदमे में सुलह करने का दबाव आरोपी बना रहे हैं।उनके द्वारा धमकी दी जा रही है।एक माह बाद भी इस मामले में पुलिस अभी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव की रहने वाली किशोरी के परिजनों ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। आरोप लगाया कि जनपद जौनपुर निवासी युवकों के खिलाफ किशोरी के साथ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज कराया गया है। परिजनों के मुताबिक मुकदमा दर्ज हुए लगभग एक माह हो चुका है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। न ही पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई है। मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। समझौता नहीं करने पर किशोरी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। धमकियों से डरे पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।शिकायती पत्र मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## थाना समाधान दिवस पर अफसरों ने सुनीं समस्याएं

**लालगंज।** थाना समाधान दिवस पर शनिवार को अफसरो ने फरियादियो की समस्याओ पर सुनवाई की। कोतवाली लालगंज में सीओ आशुतोष मिश्र व नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल तीन शिकायतें आयीं लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका। वहीं सांगीपुर में एसओ गौरव त्रिवेदी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण का भरोसा दिलाया। यहां आयी कुल चौदह शिकायतों में निस्तारण शून्य रहा। उदयपुर में प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण ने समस्याओं पर सुनवाई की। यहां भी कुल आयी पचीस शिकायतों में से एक भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका। थाना समाधान दिवस पर शिकायतों का निस्तारण न होने से फरियादियों में मायूसी दिखी।

## न्यूज झरोखा

### अज्ञात कारणों से लगी आग से झुलसे पेड़-पौधे



**लालगंज।** अज्ञात कारणों से निजी बाग में लगी आग के चलते हजारों के पेड़ पौधे झुलस गये। लीलापुर थानान्तर्गत गाबी महुआवन गांव के समीप गांव के ही चन्द्रकेश, शिव प्रताप, राम बहादुर मौर्य आदि की निजी बाग है। इस बाग में शनिवार को दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिससे हजारों के पेड़ पौधे, सरपत आदि झुलस गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### प्रोफेसर पद पर हुआ चयन, खुशी की लहर



**बेलखरनाथ धाम।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के जामताली बाजार निवासी शिवम गुप्ता पुत्र भगवान दास गुप्ता का चयन प्रोफेसर पद पर हुआ है। जिससे परिजनों व गांव में खुशी की लहर है। शिवम की प्राथमिक शिक्षा जामताली हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा राय बद्री पाल सिंह इंटर कॉलेज बीरापुर तथा उच्च शिक्षा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज से ग्रहण किया। इसके बाद वही से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की।इस दौरान उनका चयन झारखंड में प्रवक्ता पद पर हुआ।शिवम ने इस कामयाबी का श्रेय प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी व माता-पिता तथा दादा दादी को दी है।

### मोबाइल छीनकर बाइक सवार हुए फरार

**पट्टी।** पृथ्वीगंज बाजार से घर जा रहे साइकिल सवार का मोबाइल बाइक से आए युवक लेकर भाग निकले। पीड़ित ने एक को नामजद करते हुए दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के धानगढ़ सराय छिवलहा गाँव निवासी रूपेश पाल पुत्र राम शिरोमणि पाल का आरोप है कि वह शुक्रवार की शाम पृथ्वीगंज बाजार से अपने घर साइकिल से जा रहा था। रात्रि लगभग 8 बजे जब वह बाजार के ही पेंट की दुकान के सामने पहुंचा, तभी मोटरसाइकिल से तीन युवक आए। उसका मोबाइल झपट्टा मारकर छीन लिया। वहां से भाग निकले। उसने चिल्लाते हुए उनका पीछा किया। लेकिन, वह रुके नहीं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### बंटवारे को लेकर महिला को पिता, चार पर रिपोर्ट

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बैजलपुर गाँव में बंटवारे में हिस्सा मांगने पर मनीषा गौतम पत्नी नरेन्द्र गौतम को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। इस मामले में पीड़िता ने राम आश्रय, गौतम विकास, गौतम छोटू, गौतम, प्रियंका गौतम व मोनिका गौतम के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि वह हिस्सा बँटवारा की बात को लेकर उसे आरोपियों ने गाली दी। जब उसने विरोध जताया तो उसे लाठी डंडा सरिया से मार पीटकर लहूलुहान कर दिया। धमकाया कि अगर हिस्सा मांगा तो आगे जान से भी हाथ धोना पड़ेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विवेचना उपनिरीक्षक हरींद्र नारायण राय को सौंपी गई है।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, दो बच्चों को छीनकर घर से निकाला

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के औराईन गांव में दहेज लोभियों की प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को बेरहमी से पीटने के बाद उसके दो मासूम बच्चों को छीनकर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। औराईन गांव निवासी असरूननिशा पत्नी सद्दाम हुसैन ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह लगभग 12 वर्ष पूर्व हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति सद्दाम हुसैन, ससुर मुजम्मिल, मुस्तकीम, सास गुड्डू, जेठ इकरार और देवर इसतिफाक कम दहेज का ताना मारकर उसे प्रताड़ित करने लगे। आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी, साथ ही अक्सर घर से निकाल देने की धमकी भी दी जाती थी। महिला अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए अब तक सब कुछ बर्दाश्त करती रही। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार, 27 जून को ससुरालियों का अत्याचार अपनी हदें पार कर गया। पति, सास-ससुर, जेठ और देवर ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने उसके कलेजे के टुकड़ों—पुत्र रेहान और पुत्री आलिया को जबरन उससे छीन लिया और उसे लहूलुहान हालत में घर से भगा दिया। रोती-बिलखती पीड़िता किसी तरह कोतवाली पहुंची और नामजद तहरीर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विवाहिता की ओर से प्रताड़ना और मारपीट की तहरीर मिली है। मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट धमकी को लेकर पांच पर दर्ज हुआ केस

**लालगंज।** मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के गजा का पुरवा पूरे सेवकराय गांव निवासी लालजी पटेल पुत्र जगन्नाथ पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जून को रात्रि करीब आठ बजे उसका पुत्र रजत पटेल गांव के इन्द्रेश पटेल, देशराज पटेल पुत्रगण रामसजीवन के साथ मजदूरी करके बाइक से घर लौट रहा था। पीड़ित का आरोप है कि रास्ते में रामपुर बावली मार्ग पर घात लगाए बैठे हलई का पुरवा निवासी अजय सरोज पुत्र लालजी सरोज, गजा का पुरवा पूरे सेवकराय निवासी शिवकुमार पटेल व रंजीत पटेल पुत्रगण हरिश्चंद्र तथा अरविंद पटेल व अरूण पटेल पुत्रगण हरिलाल ने गाली देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सीडीओ ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली को दिखाई हरी झण्डी

### 4.11 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

अखंड भारत संदेश



**प्रातपगढ़।** जनपद में 28 जून से प्रारम्भ होने वाले पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने जिला महिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.एन. प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला चिकित्सालय) डॉ. रमेश पाण्डेय, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम भार्गव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. आर.बी. यादव, नगर खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी महेश कुमार सिंह, एसपीबी कंसल्टेंट मनीष मिश्रा सहित ट्रेनी एएनएम, एनसीसीडी कैडेट तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पल्स पोलियो अभियान के तहत जनपद में कुल 411663 बच्चों को चिन्हित किया गया है। दिनांक 28 जून 2026 को 2,283 पोलियो बूथों के माध्यम से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके पश्चात 29 जून से 3 जुलाई 2026 तक 1,021 गठित टीमें घर-घर जाकर अभियान से छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का कार्य करेंगी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने सभी अभिभावकों, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र के शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो बूथ तक अवश्य लाएं और उन्हें पोलियो की दो बूंद पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि ह्हर बच्चा स्वस्थ एवं सुरक्षित हो, पोलियो मुक्त समाज हमारा संकल्प है।

## एमएसएमई दिवस पर 250 प्रशिक्षार्थियों को मिली टूलकिट

### सरकारी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम : विधायक सदर

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर सरोज चौराहा स्थित ओम साई पैलेस में उद्योग विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति चेक एवं टूलकिट वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के पांच लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किए गए। वहीं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टेलरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 250 प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट वितरित की गई। जिला ग्रामोद्योग विभाग की मुख्यमंत्री टर्मलोन एवं माटी कला योजना के तीन लाभार्थियों को भी ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार की स्वरोजगारपरक योजनाएं युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों एवं युवाओं से विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने जनपद में संचालित ओडीओपी एवं ओडीओसी योजनाओं की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। सहायक आयुक्त उद्योग जे.एन. यादव एवं अजय प्रसाद ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र अभ्यर्थियों से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त उद्योग एस.एस. रावत ने मुख्य अतिथि एवं लाभार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं और कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का संचालन ओडीओपी उत्पाद संघ के अध्यक्ष मो. अनाम ने शेरो-शायरी के माध्यम से किया, जिसने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय शर्मा, कफील अहमद, मनोज यादव, देवराज, ऋषिराज सिंह तथा विशाल विश्वकर्मा सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## खडण्जा मार्ग पर अतिक्रमण की ग्रामीणों ने की शिकायत

**लालगंज।** खडण्जा मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के आरोप को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस से शिकायत की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बरूआ दर्रा गांव निवासी हरेन्द्र सिंह, आशीष सिंह समेत दर्जन भर ग्रामीणों ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के खडण्जा मार्ग पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दीवार बनाकर जबरन अतिक्रमण कर लिया गया है। यह भी आरोप है कि आरोपी द्वारा खडण्जा मार्ग पर ही घर की जल निकासी कर दी गयी है। इससे मार्ग पर जलभराव बना रहता है। जिससे आवागमन मुश्किल भरा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या का विरोध करने पर आरोपी व उसके परिवार के सदस्य मारपीट पर अमादा हो जाते हैं और फर्जी मुकदमें मे फंसाने की धमकी भी देते हैं। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बीआरसी सुखपालनगर में बैठक कर शिक्षकों को सौंपी गई जिम्मेदारी



**प्रतापगढ़।** बीआरसी सुखपालनगर पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नोडल टीचर एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक संपन्न। बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि सभी नोडल शिक्षक संचारी रोग अभियान का प्रत्येक दिवस के अनुसार कार्य योजना बनाकर विद्यालयों में बच्चों को जागरूक करेंगे, कल से पल्स पोलियो अभियान भी प्रारंभ हो रहा है बूथ वाले सभी विद्यालय खुले रहेंगे बच्चों की टोलियां बनाकर जीरो से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने में सभी शिक्षक अपना सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए राज कमल सिंह बीपीएम ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक आयोजित किया गया है तथा दस्तक रोग नियंत्रण अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक घर-घर दस्तक अभियान दिया जाएगा। संचारी रोग के नोडल प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र ओझा ने कहा कि विद्यालयों में होने वाली अभिभावक बैठक में अधिक से अधिक संख्या में अभिभावकों को बुलाकर उनको जागरूक करें की बरसात का समय आ रहा है अपने घर के आसपास गंदा पानी कहीं इकट्ठा न होने दें मच्छरदानी का प्रयोग करें विद्यालय में बच्चों को यह जानकारी जरूर दी जाए कि सभी बच्चे हाथ धोकर ही खाना खाएं सावधानी ही बचाव है। कल से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान की रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सदर अध्यक्ष नवीन प्रताप सिंह, महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष स्नेह शुक्ला सहित नीरज सिंह, शैलेश सिंह, गुलशन, अवनीश, पुनीत शर्मा, आनंद, शशांक, संदीप, राकेश एवं सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## कारोबारी व साथी की मौत पर परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे पूर्व मंत्री मोती सिंह

### आसपुर देवसरा के अकारीपुर तिवरान गांव का मामला, पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मुकदमा



**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अकारीपुर तिवरान गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बीज कारोबारी ओमप्रकाश पटेल और उनके साथी बृजेश यादव की मौत के बाद क्षेत्र में गम और आक्रोश का माहौल है। शुक्रवार शाम पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ ₹मोती सिंह₹ दिवंगत बीज कारोबारी के आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। परिजनों को सांत्वना देते हुए पूर्व मंत्री मोती सिंह भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश एक बेहद मेहनती, सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका असमय इस दुनिया से चले जाना पूरे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। संकट की इस घड़ी में वह और उनका पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। इसके बाद पूर्व मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने घटना पर गहरा क्षोभ जताते हुए पुलिस को निष्पक्ष जांच करने और वारदात में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उनके साथ सतीश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गौरतलब है कि अकारीपुर तिवरान निवासी बीज कारोबारी ओमप्रकाश पटेल बीते सोमवार की शाम को किसी काम से घर से निकले थे, जिसके बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। मंगलवार की सुबह उनका शव स्थानीय नहर से बरामद हुआ था। घटना के वक्त उनके साथ मौजूद बृजेश यादव गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले थे, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, इलाज के दौरान बृजेश यादव ने भी दम तोड़ दिया। दोहरे मोड़ पर पहुंची इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बंजर जमीन पर अवैध कब्जे की जिलाधिकारी से शिकायत

**लालगंज।** विकासखण्ड लालगंज के अमावां गांव में बंजर जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। अमावां गांव निवासी व क्षेपंस धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को सौपे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव में राजस्व अभिलेख में दर्ज बंजर जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा जमा लिया गया है। शिकायतकर्ता धीरेन्द्र ने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि बंजर जमीन पर लगे करीब पचास हजार के वेशकीमती पेड़ों को कटवाकर जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कार्य भी करा लिया गया है। शिकायत पर तहसीलदार लालगंज को जांच कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये गये है।

## जिलाधिकारी ने टीएचआर प्लान्ट बछन्दामऊ का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकास खण्ड कुण्डा के ग्राम बछन्दामऊ स्थित सूरज प्रेरणा लघु उद्योग राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) टीएचआर इकाई का निरीक्षण कर तैयार किए जा रहे पुष्टाहार की गुणवत्ता एवं निर्मित प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह (ए0ओ0पी0) की महिलाओं द्वारा संचालित इकाई में तैयार किएं जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा उत्पादन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने इकाई में निर्मित किए जा रहे पुष्टाहार के विभिन्न घटकों, उसकी पैकेजिंग, भंडारण व्यवस्था एवं स्वच्छता मानकों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, तैयार उत्पाद की गुणवत्ता तथा वितरण व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान महिलाओं ने टीएचआर इकाई के संचालन एवं कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण से जुड़े उत्पादों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तैयार किए जा रहे पुष्टाहार के नमूनों की समय-समय पर प्रयोगशाला से जांच कराई जाए, ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त उत्पाद लाभार्थियों तक पहुंच सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुण्डा वाचस्पति सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने शिकायत के प्रकरण के सम्बन्ध में विकास खण्ड कुण्डा के ग्राम परसीपुर में जाकर स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरण के निस्तारण हेतु मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी कुण्डा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये एवं ग्रामवासियों से संवाद कर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली एवं फीडबैक प्राप्त किया।

# तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को मारी टक्कर दंपत्ति सहित 4 घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी में राम वन गमन मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर**



**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा के पास राम वन गमन मार्ग ओवर ब्रिज पर शनिवार को तेज रफ्तार कार ने दो बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों बाइक में सवार दंपत्ति सहित 4 लोग सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर घायल हो गए हैं तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है टक्कर मारने के बाद दोनों बाइक सवारों को रौंदते हुए कार रुक गई दुर्घटना के पास आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे मामले की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है जहां घायलों का इलाज चल रहा है मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बजहां गांव निवासी राकेश केसरवानी उम्र 45 वर्ष अपनी पत्नी सुनीता केसरवानी उम्र 38 वर्ष व पुत्र कृष्णा केसरवानी उम्र 12 वर्ष व दूसरे बाइक सवार विनोद यादव उम्र 40 वर्ष निवासी आदमपुर? शनिवार की सुबह लगभग 10:00 बजे अपनी बाइक से मंझनपुर जा रहे थे,वही कार चालक सोनू राय निवासी मिर्जापुर वह भी कार लेकर मंझनपुर जा रहा था। जैसे ही दोनों बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा के पास राम वन गमन मार्ग के ओवर ब्रिज से नीचे उतर रहे थे,तभी कार चालक ने पहले एक बाइक में टक्कर मारी फिर दूसरे बाइक में टक्कर मारने के बाद दोनों बाइकों को रौंद दिया दुर्घटना के बाद कार रूक गयी।इस हादसे में दो बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है,घटना की सूचना पर स्थानीय लोग और राहगीर भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी डायल 112 के साथ कोखराज थाना पुलिस वा एम्बुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजते हुए दुर्घटना करने वाली कार को अपने कब्जे में ले लिया है

## कल्यानपुर जियो पेट्रोल पंप के पास गैस गाड़ी से टकराई बाइक, युवक गंभीर घायल

**दिल्ली से युवक बाइक से जा रहा था पश्चिम बंगाल**



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास शनिवार की सुबह बाइक सवार गैस गाड़ी से टकरा गया है जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा है और गंभीर घायल हो गया दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है युवक पश्चिम बंगाल के मुशिर्दाबाद का रहने वाला है जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के मानसिंहपुर थाना सागर दिघी जनपद मुशिर्दाबाद निवासी स्माइल शेख पुत्र अशरफुल शेख बाइक नंबर हइ58उञ0384 से दिल्ली से पश्चिम बंगाल अपने घर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास पहुंचे आगे चल रही गैस की गाड़ी में पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बताया जाता है कि अचानक गैस की गाड़ी में सड़क पर ब्रेक मार दिया जिससे बाइक सवार गैस के गाड़ी के पीछे घुस गया है हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। और जमीन पर गिर गया दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची शहजादपुर पुलिस ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल भिजवाया और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## न्यूज झरोखा

### पानी भरे खेत में मिला वृद्ध का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी थाना क्षेत्र के शांखा गांव के समीप शनिवार को एक 65 वषीय वृद्ध का शव पानी से भरे खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अमृत लाल उम्र 65 वर्ष पुत्र स्वगीय चौबेलाल,निवासी इटैलीपुर,मजरा शांखा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उनके आगे-पीछे कोई परिजन नहीं है,शादी नही हुई थी,और वह शांखा गांव निवासी कृष्ण कुमार सिंह के ट्यूबवेल पर रहते थे। शनिवार को वह ट्यूबवेल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान पास के पानी से भरे खेत में उनका शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ट्यूबवेल मालिक कृष्ण कुमार सिंह को दी। मौके पर पहुंचने के बाद उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

### सड़क हादसों पर सख्ती, हाईवे के 28 अधिकृत कट बंद, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**अझुवा कौशाम्बी** जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है जिलाधिकारी कौशाम्बी के निर्देश एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से कनवर बॉर्डर से चाकवन तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अधिकृत कटों को बंद करने का अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 31 अधिकृत कटों में से 28 कटों को बंद करा दिया गया प्रशासन का कहना है कि इन कटों के कारण हाईवे पर अनियंत्रित तरीके से वाहन मुड़ते थे,जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती थी।कट बंद होने से हाईवे पर यातायात अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होने की उम्मीद है।अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थानों पर कट बंद किए गए हैं,वहां वाहनों की आवाजाही अब निर्धारित यू-टर्न और सुरक्षित मार्गों से कराई जाएगी। साथ ही वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित मार्ग का ही उपयोग करने की अपील की गई है।इस अभियान के दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव,एसडीएम सिराथू योगेश कुमार गौड़, एआरटीओ कौशाम्बी तारकेश्वर मल, रूट मैनेजर अतुल यादव सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे

### पल्स पोलियो अभियान : जागरूकता रैली को दिखाई गई हरी झंडी

**हररायपुर कौशांबी** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत शनिवार को विकास खण्ड मूरतगंज में अभियान का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज द्वारा पल्स पोलियो रैली को हरी झंडी दिखाकर जन-जागरूकता रैली रवाना कर किया गया।रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कमर्चारियों,आशा कार्यकर्ताओं, आशा संगिनियों, एएनएम, सीएचओ तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान आमजन को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए अपील की गई कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो से बचाव हेतु दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि अभियान के दौरान अपने क्षेत्र के किसी भी बच्चे को पोलियो की खुराक से वंचित न रहने दें तथा अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग करें।दो बूंद जिंदगी की हर बच्चे के लिए,हर बार का नारा दिया गया है इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ.कुश कुमार शर्मा सहित तमाम स्टाप मौजूद रहा

# डीजे की धुन पर झूमे शनिदेव के भक्त

**मुराइन टोला में गूंजे जय शनि देव के जयकारे, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई प्राण प्रतिष्ठा**





**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड संख्या-9 स्थित इंदिरा नगर मुराइन टोला में नवनिर्मित शनि देव मंदिर में शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवंविधि-विधान के साथ भगवान शनि देव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अचर्ना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पंडितों के सान्निध्य में हवन-पूजन एवं वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।इसके उपरांत मंदिर परिसर से भव्य डीजे शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा सनई मंडी,सब्जी मंडी, शायरी माता तिराहा,गल्ला मंडी, लाई मंडी एवं नेशनल हाईवे सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची।पूरे मार्ग में डीजे पर बज रहे शनि भजनों और शनि चालीसा के बीच श्रद्धालु जय शनि देव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।धार्मिक माहौल से पूरा कस्बा भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया।कार्यक्रम में वार्ड सभासद शत्रुघ्न गुप्ता,पीयूष सिंह,गोलू मौर्य, बिहारी लाल,अशोक मौर्य,संजीत कौशल सहित कस्बे के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# पल्स पोलियो जन-जागरूकता रैली रवाना

**जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उ.प्र. राज्य महिला आयोग सदस्य ने दिखाई झंडी**



**कौशांबी** जिला पंचायत अध्यक्ष सदस्य कुशवाहा ने सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित जनपद स्तरीय जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से शनिवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जन-जागरुकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंझनपुर तक निकली गई। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान 28 जून,2026 से शुरू होगा। जनपद में 747 बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 256995 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक का यह दायित्व है कि वह अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें तथा कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।अभियान के दौरान जनपद के सभी बूथों एवं घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे इस राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर इसे सफल बनाएं।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।


## कार्यालय नगर पंचायत अझुवा जिला- कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/1081(2)/निविदा सूचना/2026-27 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 27.06.2026

नगर पंचायत अझुवा जनपद कौशाम्बी में समस्त पंजीकृत / नवीनीकृत/अन्य कर्मो एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय कौशाम्बी के आदेश सं0-2968 (16)/एल0बी0सी0-कौशा0/2026 दिनांक 19.06.2026 के क्रम में 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क के मद से पत्रसं0 -2961 (8)/एल0बी0सी0-कौशा0/2026 दिनांक 19.08.2026 के क्रम में 15 वाँ वित्त आयोग(बुनियादी अनुदान) एवं पत्र सं. 2962 (4)/ एल0बी0सी0 -कौशा0/2026 के क्रम में 15वाँ वित्त आयोग (निर्दिष्ट अनुदान) से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 20.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य नगद/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से खात संख्या 35718626492 भारतीय स्टेट बैंक शाखा अझुवा कौशाम्बी में जम कर रसीद और 10 प्रतिशत धरोहर घनराशि एन0एस0सी0 /एफ0डी0आर0/ नगद निवदि के साथ संलग्न कर उसी दिन दिनांक 20.07.2026 को अपराहन 12.00 तक कार्यालय में रखे शील बाक्स में डाला जाना अनिवार्य है। सभी निविदाओं को उसी दिन दिनांक 20.07.2026 को अपराह्न 03.00 बजे अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष के समक्ष नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अझुवा के पदनाम से बंधक ही मान्य होगी। 10 रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र देना होगा कि आपके विरूद्ध कोई अभियोग या कही ब्लैक लिस्ट तो नही है। कार्य प्रारम्भ से पूर्व निर्धारित100 रू0 के स्टाम्प पर नियमतः अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार/फर्म के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य/ लायी गयी सामग्री के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति / दुर्घटना के लिए नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी जिम्मेदार नही होगी। इसके लिए समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार / फर्म की होगी। जी0एस0टी0 नम्बर हैसियत प्रमण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार / फर्म द्वारा टेण्डर आगणन दर से कम पर डाला जाता है तो संयुक्त सचिव उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी 2022 के द्वारा जारी पत्र का अनुपालन करना अनिवार्य होगा जो बिलों रेट होने पर निष्पादनन सुरक्षा (Performance Scurity) जमा करने से सम्बन्धित है। किसी भी कार्य का भुगतान सक्षम स्तर से सत्यापन के पश्चात ही किया जायेगा। निविदा डालने के पूर्व समस्त नियम / शर्तों को भली-भाँति कार्यालय से जानकारी कर लें, किसी भी त्रुटि के लिए निकाय जिम्मेदार नही होगी। समस्त अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सम्बन्धी पूर्ण एवं विस्तृत टेण्डर प्रपत्र एवं सभी शर्तो का प्रपत्र आदि की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत अझुवा के लेखा लिपिक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**कराये जाने वाले निर्माण कार्यो का विवरण**

| क्र0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत (FDR/NSC नगद) | निविदा मूल्य GST सहित (नगद/RTGS) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्पोजिट विद्यालय प्रथम के 3 कमरों की 5X5.8 मी. छत मरम्मत का कार्य। | 28077.51 | 2808.00 | 431.00 | दो माह | 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क |
| 2. | कम्पोजिट विद्यालय द्वितीय के 3 कमरों की 5X5.8 मी. छत मरम्मत का कार्य। | 29782.50 | 2978.00 | 431.00 | दो माह | |
| 3. | कान्हा गौशाला में जानवरों को नहलाने हेतु चबूतरे का 15x6 मी. निर्माण का कार्य । | 175513 0 0 | 17551.00 | 649.00 | दो माह | |
| 4. | नगर पंचायत अझुवा कान्हा गौशाला में खाद संग्रह स्थल तक 55x3 एवं 50 x1.5 मी. इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 500021.46 | 50002.00 | 1003.00 | दो माह | |
| 5. | वार्ड नं. 3 राजाराम के घर से प्रकाश गौतम के घर तक 45 मी. ICBP रोड व एक तरफ आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। | 357274.54 | 35728.00 | 885.00 | दो माह | |
| 6. | वार्ड नं0 01 में जी.टी. रोड से लखन लाल मुनीम के घर तक 55 मी0 लम्बाई एवं 3.5 मी. चौड़ी सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 345271.25 | 34527.00 | 767.00 | दो माह | 15 वां वित्त आयोग बुनियादी अनुदान |
| 7. | वार्ड न. 9 छेदू मौर्य के घर से शिव डाक्टर के घर तक 37 मी0 लम्बाई व अवसत 5 मी. चौड़ी CBP रोड व एक तरफ 15 मी. आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। | 471492.25 | 47149.00 | 1003.00 | दो माह | |
| 8. | वार्ड नं0 8 में 2 HP समर्सिबल व टंकी की स्थापना व 500 मी. पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 761230.00 | 76123.00 | 1357.00 | दो माह | 15 वां वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान |
| 9. | नगर पंचायत अझुवा के विभिन्न वार्डो में 10 नग हैण्डपम्प नया बोर का कार्य। ( इण्डिया मार्का-I) | 793833.20 | 79383.00 | 1357.00 | दो माह | |
| 10. | वार्ड नं0 9 इन्द्रिरा नगर में 520 मी. ओपेन पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 539683.92 | 53968.00 | 1003.00 | दो माह | |
| 11. | वार्ड नं0 7 मौलाना आजाद नगर गली में भाँतर मोड नहर से धोबियाना से सब्बन, दादू कोटेदार के घर होते हुए इमामबाड़ा तक 1000 मी. पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 512731.95 | 51273.00 | 1003.00 | दो माह | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अझुवा
जनपद- कौशाम्बी

शान्ती देवी
नगर पंचायत अझुवा
जनपद- कौशाम्बी


# सांसद राहुल गांधी की 19 जुलाई को प्रयागराज में आयोजित होने वाली छात्र संवाद कार्यक्रम के सन्दर्भ में हुई बैठक

**राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाये पर पाटी को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी**



**कौशाम्बी** चायल विधानसभा अन्तर्गत नगर पंचायत चरवा स्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के आवास पर पूर्व मंत्री राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी प्रयागजोन राजेश तिवारी के नेतृत्व में राहुल गांधी के प्रयागराज में प्रस्तावित छात्रो की गूंज कार्यक्रम को लेकर संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी की 19 जुलाई को प्रयागराज में आयोजित होने वाली छात्र संवाद कार्यक्रम के सन्दर्भ अवगत कराया गया एवं वतर्मान स्थितियों पर सार्थक चर्चा हुई! उपस्थित पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान के लिए पूर्णतःतैयार हैं । इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा नेता राहुल गांधी का प्रयागराज में कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है जिसमें वो छात्रों की बातों को सुनेंगे और उनकी पीड़ा समझेंगे वतर्मान भाजपा सरकार जिस प्रकार से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है वो देश से छिपा नहीं है छात्र अपनी मेहनत और ईमानदारी से परीक्षा की तैयारी करता है लेकिन सरकार की विफलता देखिए कि पेपर लीक हो जाता है जिससे छात्र विचलित और हताश होकर गलत कदम उठाते है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे नेता राहुल गांधी देश के युवाओं का दर्द समझते हैं इसी लिए वह हर पीड़ित के साथ खड़े है। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम को बनाये जाने पर राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा राजेंद्र पाल गौतम को प्रभारी बनाये जाने से पाटी को मजबूती मिलेगी व जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय ने सभी पदाधिकारियों का मुंह मीठा करवा के कहा कि राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाये पर पाटी को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव एवं राहुल जी के कार्यक्रम के प्रभारी अनिल यादव,पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश,जिला संयोजक मनीष मिश्रा वरिष्ठ नेता सुधाकर तिवारी,रामकिशुन पटेल,पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय उदय यादव,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल हेमन्त रावत,जयप्रकाश जायसवाल, नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय,सिराथू ब्लाक अध्यक्ष प्रियांशू त्रिपाठी,आयुष यादव,रोहित सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अझुवा हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दोनों चालक जख्मी



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी थाना क्षेत्र केआदर्श नगर पंचायत अझुवा कस्बे में शनिवार रात करीब 8:30 बजे नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही अझुवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भती कराया। जानकारी के अनुसार कुलदीप पुत्र दिनेश निवासी रक्षपालपुर, खखरेरू फतेहपुर बाइक से सैनी की ओर जा रहा था।जैसे ही वह अझुवा कस्बे में कमालू टायर की दुकान के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे सतेन्द्र कुमार पुत्र पंचम लाल निवासी कनवार की बाइक से उसकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर जख्मी हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने दोनो के परिजनों को घटना की जानकारी दी और दोनों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।स्थानीय लोगों का कहना है कि अझुवा हाईवे पर लंबे समय से फ्लाईओवर की मांग की जा रही है। उनका आरोप है कि यदि यहां फ्लाईओवर का निर्माण हो गया होता तो इस तरह के कई सड़क हादसों से बचा जा सकता था।

### खेत मे नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, सूचना पर पहुंची पुलिस

**कौशांबी** थाना सराय अकिल क्षेत्र की बेनी राम कटरा पुलिस चौकी अंतर्गत बहुगरी गांव में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बहुगरी गांव निवासी राजेश कुमार सरोज उम्र तीस वर्ष का शव गांव के बाहर खेत मे स्थित नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला।बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह ग्रामीण टहलने के लिए खेतो की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर नीम के पेड़ पर लटके युवक पर पड़ी। ग्रामीणो ने तत्काल इसकी सूचना मृतक के परिजनो को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां राजेश कुमार सरोज को पेड़ से लटका देख परिवार मे कोहराम मच गया। घटना की जानकारी परिजनो द्वारा थाना सराय अकिल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम मोचरी भेजा गया और पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई मे जुट गई। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भोला चौराहे के पास आमने-सामने दो बाइक सवार भिड़े दोनों घायल

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा बाजार के भोला चौराहे के पास शनिवार की देर रात्रि लगभग 9:30 बजे दो बाइक सवार आमने-सामने टकरा गए हैं जिससे एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया दूसरा बाइक सवार जख्मी है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर चौकी पुलिस पहुंची है और एंबुलेंस के जरिए दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के कंनवार निवासी राज कुमार पुत्र महेश कुमार शनिवार की रात साढ़े नौ बजे अझुवा बाजार से वापस अपने गांव लौट रहे थे जैसे ही वह भोला चौराहे के पास पहुंचे विपरीत दिशा से दूसरी बाइक में मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव निवासी युवक जा रहे थे भोला चौराहे के पास दोनों बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई है जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जिसमें एक घायल की हालत गंभीर बताई जाती है

# विकास भवन में मना अंतर्राष्ट्रीय MSME दिवस

# जिलाधिकारी बोलीं- हर व्यक्ति लगाए उद्यम

## 2047 तक विकसित राष्ट्र के लिए मेहनत जरूरी, बांटे चेक व टूल किट

अखंड भारत संदेश



**फतेहपुर।** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस मनाया गया। डीएम ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार उद्यम लगाकर कड़ी मेहनत से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि फतेहपुर आकांक्षी जनपद है। जब फतेहपुर विकसित होगा तभी प्रदेश भी विकसित होगा, क्योंकि देश की 25 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। उत्तर प्रदेश के आगे बढ़ने से ही विकसित राष्ट्र का सपना पूरा होगा। डीएम ने कहा कि सरकार उद्यमियों को प्रोत्साहन के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। सभी को योजनाओं का लाभ लेकर व्यवसाय चुनना होगा और मेहनत करनी होगी। उद्यमी गोविन्द बाबू टाटा व प्रदीप गर्ग ने अपने अनुभव साझा कर नए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी वित्त पोषण व टूल किट योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना समेत कई योजनाएं संचालित हैं। इस मौके पर डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत ऋण स्वीकृत के प्रतीकात्मक चेक और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत विभिन्न ट्रेडों में टूल किट का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उपायुक्त उद्योग व उद्यमीगण मौजूद रहे।

### 28 से 30 जून तक चलाया जाएगा विशेष अभियान

0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**शिवपुरी।** भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने एवं बच्चों को पोलियो संक्रमण से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 28 से 30 जून तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषिश्वर ने बताया कि भारत लगभग 15 वर्ष पूर्व पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है, जो स्वास्थ्य विभाग एवं आमजन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। हालांकि विश्व के कुछ देशों में अभी भी वाइल्ड पोलियो वायरस का संक्रमण मौजूद है। ऐसे में समुदाय में पोलियो के विरुद्ध प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिवस 28 जून रविवार को जिलेभर में स्थापित पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष आयु तक के सभी बच्चों को दो बूंद जिंदगी कीह्व खुराक प्रातः 08 बजे से सांयकाल 05 बजे तक पिलाई जाएगी।

## सीसीटीवी और तकनीक से ग्वालियर पुलिस का 'स्मार्ट' एक्शन, ऑटो में छूटा 6 लाख के गहनों से भरा सूटकेस एक घंटे में बरामद

अखंड भारत संदेश



**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस ने आधुनिक तकनीक और त्वरित कारवाई का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए ऑटो में छूटे करीब छह लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषणों से भरे सूटकेस को महज एक घंटे में सुरक्षित बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया। पुलिस की तत्परता से एक परिवार की वर्षों की जमा पूंजी सुरक्षित वापस मिल गई। जानकारी के अनुसार, शिवपुरी जिले के नरवर निवासी राघवेंद्र रावत किसी निजी कार्य से ग्वालियर आए थे। रेलवे स्टेशन से उन्होंने सराफा तिराहा तक जाने के लिए एक ऑटो किराए पर लिया। गंतव्य पर पहुंचकर वे जल्दबाजी में किराया देकर उतर गए, लेकिन सोने के आभूषणों से भरा अपना सूटकेस ऑटो में ही भूल गए। कुछ देर बाद जब उन्हें सूटकेस छूटने का अहसास हुआ, तब तक ऑटो चालक वहां से जा चुका था। घबराए राघवेंद्र रावत अपने परिजनों के साथ तत्काल कोतवाली थाना पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद विनायक करकरे ने तत्काल विशेष टीम गठित कर सूटकेस की तलाश शुरू कराई। पुलिस ने कंट्रोल रूम की सहायता से रेलवे स्टेशन से सराफा तिराहा तक लगे हाईटेक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। टाइम-मैपिंग और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर संदिग्ध ऑटो की पहचान की गई। इसके बाद वाहन के पंजीयन नंबर के जरिए आरटीओ रिकॉर्ड से चालक का नाम, पता और मोबाइल नंबर प्राप्त कर उससे संपर्क किया गया। पुलिस के बुलाने पर ऑटो चालक सूटकेस लेकर कोतवाली थाने पहुंच गया। राघवेंद्र रावत की मौजूदगी में सूटकेस खोलकर जांच की गई, जिसमें रखे सभी सोने के आभूषण सुरक्षित मिले। आवश्यक सत्यापन और पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने सूटकेस उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया। महज एक घंटे के भीतर अपना कीमती सामान सुरक्षित वापस मिलने पर राघवेंद्र रावत और उनके परिजन भावुक हो गए। उन्होंने ग्वालियर पुलिस की त्वरित कार्रवाई और ईमानदार प्रयासों की सराहना करते हुए थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे सहित प्रधान आरक्षक रविंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सिसोदिया एवं आरक्षक कैलाश का आभार व्यक्त किया। इस पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आधुनिक तकनीक, प्रभावी निगरानी व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता से न केवल अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है, बल्कि आम नागरिकों का विश्वास भी मजबूत किया जा सकता है।

## पोहरी एसडीएम के रीडर की पत्नी की सड़क हादसे में मौत, चार घायल

अखंड भारत संदेश

**खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, मेडिकल कॉलेज में चल रहा घायलों का उपचार**

**शिवपुरी।** जिले में शुक्रवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पोहरी एसडीएम कार्यालय के रीडर श्याम सिंह दोहरे की पत्नी मनीषा दोहरे (40) की मौत हो गई, जबकि श्याम सिंह दोहरे सहित चार अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पोहरी एसडीएम कार्यालय में पदस्थ रीडर श्याम सिंह दोहरे का हाल ही में भिंड तबादला हुआ था। शुक्रवार को जिला मुख्यालय शिवपुरी से कार्यमुक्त होने के बाद वे अपनी पत्नी मनीषा दोहरे तथा एक परिचित शिक्षक, उनकी पत्नी और उनके बच्चे के साथ कार से पोहरी लौट रहे थे। बताया गया है कि शिवपुरी-पोहरी मुख्य मार्ग की खराब स्थिति के कारण उन्होंने झिरी मार्ग से जाने का निर्णय लिया। शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे मुड्डल पेट्रोल पंप के समीप उनकी कार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज शिवपुरी पहुंचाया गया। यहां उपचार के दौरान मनीषा दोहरे ने दम तोड़ दिया, जबकि अन्य चार घायलों का उपचार जारी है।शनिवार को मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कार की टक्कर को हादसे का कारण माना जा रहा है।

## माइनिंग कारवाई के दौरान खनिज निरीक्षक ने युवक को मारा थप्पड़, वीडियो वायरल

अखंड भारत संदेश

**शिवपुरी।** जिले के पिछोर थाना क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान हुए विवाद का एक नया वीडियो सामने आने के बाद मामला फिर चर्चा में आ गया है। वायरल वीडियो में खनिज निरीक्षक ऋषभ दीक्षित एक युवक को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इसी घटना के बाद खनिज निरीक्षक की शिकायत पर युवक एवं उसके साथियों के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मामला भी दर्ज किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम कुछ दिन पूर्व पिछोर क्षेत्र में अवैध पत्थर परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई कर रही थी। इस दौरान विभाग ने पत्थर से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर उसके दस्तावेजों की जांच की। चालक के पास वैध रॉयल्टी एवं परिवहन संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि जब जब्त वाहन को पुलिस बल की मौजूदगी में थाने ले जाया जा रहा था, उसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों और खनिज विभाग की टीम के बीच विवाद हो गया। इसी घटनाक्रम का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**मोबाइल मांगने के बाद जड़ा थप्पड़ :**

वायरल वीडियो में खनिज निरीक्षक ऋषभ दीक्षित पहले मंगल लोधी नामक युवक से उसका मोबाइल फोन मांगते हुए दिखाई देते हैं। कुछ ही क्षण बाद वे युवक को थप्पड़ मार देते हैं। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों और विभागीय टीम के बीच धक्का-मुक्की तथा तीखी बहस शुरू हो जाती है। हालांकि वीडियो में विवाद की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हो रही हैं।

### पहले दर्ज हुआ था शासकीय कार्य में बाधा का मामला



घटना के बाद खनिज निरीक्षक ऋषभ दीक्षित ने पिछोर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि मंगल लोधी एवं अन्य लोगों ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई, पुलिसकमियों के साथ अभद्र व्यवहार किया तथा जब्त वाहन छुड़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो सहित पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के दौरान वीडियो की सत्यता, घटना से पहले और बाद की परिस्थितियों तथा दोनों पक्षों की भूमिका का परीक्षण किया जाएगा। विस्तृत जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि विवाद की शुरुआत कैसे हुई और किस पक्ष की क्या जिम्मेदारी रही।

## न्यूज झरोखा

### बहुआ हाईवे पर चलता ट्रक बना आग का गोला, केबिन जलकर खाक

ड्राइवर-खलासी ने कूदकर बचाई जान, हाईवे पर लगा लंबा जाम



**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे में शनिवार को हाईवे पर दौड़ रहा एक ट्रक अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग का गोला बन गया। केबिन से लपटें उठते देख ड्राइवर और खलासी ने चलती ट्रक से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। आग लगते ही हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। लपटें और धुआं देखकर वाहन चालकों ने गाड़ियां दूर रोक दीं, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर ललौली पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। पुलिस के अनुसार आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गनीमत रही कि ड्राइवर-खलासी समय रहते ट्रक से कूद गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### ताइक्वांडो एसोसिएशन ने उठाई आवाज़, वीरान यूसुफ क्लब को बनाया जाए प्रकृतिमय पार्क



**फतेहपुर।** शहर के मध्य आईटीआई रोड स्थित दशकों से वीरान पड़ा यूसुफ क्लब अब एक नई उम्मीद की किरण देख रहा है। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्लब के जीर्णोद्धार और उसे सुंदर प्रकृतिमय पार्क में बदलने की मांग उठाई है।एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने बताया कि आईटीआई रोड स्थित यूसुफ क्लब फिलहाल टूटी-फूटी हालत में वीरान पड़ा है। रखरखाव के अभाव में यह स्थान असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। शहर के बीचों-बीच स्थित यह उपयोगी स्थल वर्तमान में असामाजिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो रहा है, जबकि इसका सदुपयोग जनहित में किया जा सकता है।ज्ञापन में कहा गया कि क्लब के दोनों ओर खाली पड़े मैदान में वृक्षारोपण कर इसे प्रकृति के करीब लाया जा सकता है। एसोसिएशन का मानना है कि यदि प्रशासन पहल करे तो यहां बुजुर्गों के टहलने और बच्चों के खेलने के लिए एक सुंदर पार्क विकसित किया जा सकता है। साथ ही खुले मैदान में योगा, मार्शल आर्ट जैसे खेलों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे ह्यग्रीन फतेहपुर, क्लीन फतेहपुरह्व अभियान को भी मजबूती मिलेगी। ताइक्वांडो एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से विनम्र निवेदन किया है कि यूसुफ क्लब का जीर्णोद्धार कराकर उसे प्रकृतिमय पार्क का स्वरूप दिया जाए। ज्ञापन में अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार के साथ भारत वर्मा, रिचा राजपूत, शिव कुमार, अनुराग कुमार, हिमांशु वर्मा व तनुज बाजपेई के हस्ताक्षर हैं।एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस जनहितकारी मांग पर शीघ्र संज्ञान लेगा और शहरवासियों को प्रकृति की गोद में एक सुरक्षित व सुंदर स्थान उपलब्ध कराएगा।

### 10 जुलाई को प्रयागराज में युवाओं से संवाद करेंगे राहुल गांधी



**फतेहपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 10 जुलाई को प्रयागराज में छात्रों और प्रतियोगी परीक्षार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। एआईसीसी सदस्य व बिंदकी विधानसभा से शिवाकांत तिवारी ने 'युवा पूछेगा, देश सुनेगा' कार्यक्रम के पोस्टर जारी किए हैं।पोस्टर में कहा गया है कि पेपर लीक, भती घोटाले और बढ़ती बेरोजगारी ने लाखों युवाओं के सपनों को प्रभावित किया है। कार्यक्रम का नारा 'युवाओं की आवाज़, राहुल गांधी के साथ' रखा गया है।शिवाकांत तिवारी ने युवाओं से अपील की है कि वे 10 जुलाई को प्रयागराज पहुंचकर अपनी आवाज को ताकत बनाएं।

### आप गूंजते हैं': पब्लिक स्पीकिंग का डर दूर कर रहा 'गूंज', युवाओं की पसर्नालिटी में आ रहा निखार



**फतेहपुर।** मंच पर माइक के सामने आते ही जुबान लड़खड़ाने वालों के लिए 'गूंज' उम्मीद की नई आवाज बन रहा है। 22 जून 2026 में चित्रांश नगर स्थित चिल्ड्रन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल से शुरू हुआ यह प्लेटफॉर्म लोगों के अंदर से पब्लिक में बोलने का डर खत्म कर उन्हें कॉन्फिडेंट बना रहा है।इस पहल की शुरुआत को-फाउंडर हंशिका त्रिपाठी और फाउंडर अनामिका कुमारी ने की थी। 'गूंज' का मुख्य उद्देश्य लोगों की झिझक तोड़ना और उन्हें एक आत्मविश्वासी इंसान बनाना है। यहां ट्रेनिंग के जरिए कम्युनिकेशन स्किल, बॉडी लैंग्वेज और स्टेज प्रेजेंस पर काम किया जाता है, जिससे पर्सनालिटी डेवलपमेंट भी होती है।फाउंडर अनामिका कुमारी बताती हैं कि कई युवा और प्रोफेशनल्स मंच का डर लेकर हमारे पास आए, लेकिन आज वो बेझिझक अपनी बात रखते हैं। 'गूंज' सिर्फ बोलना नहीं सिखाता, बल्कि आपकी पूरी शख्सियत को निखारता है।'गूंज' की टैगलाइन 'आप गूंजते हैं' इसके मकसद को साफ बयां करती है। 22 जून 2026 से शुरू हुआ यह कारवां अब कई लोगों की जिंदगी बदल रहा है।वही कार्यक्रम के दौरान आयुष मिश्रा समित अन्य छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक का भव्य संगठन विस्तार, सैकड़ों महिलाएं जुड़ीं

### अध्यक्ष हेमलता पटेल ने बेरांव में बांटी गुलाबी साड़ी और ID कार्ड

अखंड भारत संदेश



**फतेहपुर।** हसवा ब्लॉक के बेरांव ग्राम में शुक्रवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक का बृहद संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित हुआ। बहुआ, असोथर और हसवा ब्लॉक के गांवों से सैकड़ों महिलाएं इसमें शामिल हुईं। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल ने नव-मनोनित महिला सदस्यों को संगठन की गुलाबी साड़ी और आईडी कार्ड प्रदान किए। सभी महिलाओं ने सच्चाई, न्याय और जनसेवा का संकल्प लिया। सदस्यता को लेकर ग्रामीण महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। हेमलता पटेल ने कहा कि एकता में ही ताकत है। एकजुट होकर बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़कर महिलाएं जागरूक हो रही हैं और अपने अधिकारों को पहचान रही हैं। उन्होंने उन परिजनों की भी सराहना की जो महिलाओं को सशक्त बनाने में सहयोग दे रहे हैं। अध्यक्ष ने महिलाओं की स्थानीय समस्याएं सुनीं और कहा कि जल्द रणनीति बनाकर ब्लॉक, तहसील व जनपद स्तर के अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।कार्यक्रम में स्थानीय आयोजक संगीता देवी और कुशमा देवी का विशेष योगदान रहा। सरकी, रमवा पंथुवा, बेरांव, मीरापुर, कुसुम्भी, रामपुर, गाजीपुर, करसवा समेत कई गांवों की मनीषा, चन्द्ररेखा, शांती, विमला, रूबी, नीतू, माया, ज्योति सहित सैकड़ों महिलाओं ने सदस्यता ली।

## 28 जून से फतेहपुर में सघन पल्स पोलियो अभियान, सवा चार लाख बच्चों का लक्ष्य

डीएम बोलीं: छूटे बच्चे बूथ पर लें खुराक, ईंट भट्ठों के बच्चों पर रहेगा फोकस



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि जनपद में 28 जून से सघन पल्स पोलियो अभियान शुरू होगा। यह अभियान 3 जुलाई तक बूथों पर और 6 जुलाई तक घर-घर जाकर चलाया जाएगा।डीएम ने वीडियो संदेश में कहा कि इस बार करीब सवा चार लाख बच्चों को पोलियो की वैक्सीन पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1280 बूथ बनाए गए हैं और 42 टीमें लगाई गई हैं। साथ ही सचल दल की टीमें भी तैनात की गई हैं।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि टीम आने पर अपने छोटे बच्चों को पोलियो की ड्रॉप जरूर पिलाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारण से बच्चे छूट जाते हैं तो अभिभावक उन्हें बूथ पर लाकर भी खुराक दिला सकते हैं। डीएम ने बताया कि प्रवासी मजदूरों और ईंट भट्टों पर काम करने वालों के बच्चों को भी चिन्हित कर अभियान में शामिल किया जाएगा ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

## एमपीएल फाइनल में चंबल घड़ियाल की शानदार जीत

**क्रिकेट संचालन में एआई क्रांति की शुरुआत करेगा मध्य प्रदेश : महान आर्यमन सिंधिया**

अखंड भारत संदेश

**प्रदेश प्रतिनिधि रूद्र जैन।** मध्यप्रदेश क्रिकेट लीग (एमपीएल) के रोमांचक फाइनल मुकाबले में चंबल घड़ियाल ने रॉयल निमाड़ को 31 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में दशकों को आक्रामक बल्लेबाजी, सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन खेल भावना का शानदार संगम देखने को मिला। फाइनल मुकाबले के दौरान मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के अध्यक्ष महान आर्यमन सिंधिया तथा उनकी माता प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया भी मौजूद रहीं।टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए चंबल घड़ियाल ने निर्धारित 20 ओवर में 224 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान शुभम शर्मा की अगुवाई में टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर अपनाए और निमाड़ के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा।लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल निमाड़ ने भी दमदार शुरुआत की। पहले ही ओवर में तेज गेंदबाज आवेश खान के खिलाफ 21 रन बनाकर टीम ने मुकाबले को रोमांचक बना दिया। पावर-प्ले तक दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष दिखाई दिया, लेकिन इसके बाद चंबल के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर रनगति पर प्रभावी नियंत्रण बना लिया। अंततः चंबल घड़ियाल ने 31 रन की जीत दर्ज करते हुए एमपीएल ट्रॉफी अपने नाम कर ली।



### विश्व की पहली एआई-संचालित क्रिकेट लीग की दिशा में मध्य प्रदेश की पहल

फाइनल मुकाबले से पहले मीडिया से बातचीत करते हुए एमपीसीए अध्यक्ष महान आर्यमन सिंधिया ने कहा कि मध्य प्रदेश क्रिकेट प्रशासन अब तकनीकी बदलाव के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट संचालन को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एमपीसीए ने एआई टेक्नोलॉजी कंपनी के साथ साझेदारी की है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत विश्वस्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जो क्रिकेट प्रशासन, खिलाड़ियों के पंजीयन, सत्यापन, वित्तीय प्रबंधन और रिकॉर्ड संधारण जैसी प्रक्रियाओं को अधिक सटीक, पारदर्शी और दक्ष बनाएगा। महान आर्यमन सिंधिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिला एवं संभागीय क्रिकेट इकाइयों के साथ ऐसा भरोसेमंद तंत्र विकसित करना है, जिसमें तकनीक के माध्यम से हर प्रक्रिया निष्पक्ष और जवाबदेह हो। एआई के उपयोग से खिलाड़ियों को भी अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित व्यवस्था का लाभ मिलेगा।



### प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सशक्त मंच है एमपीएल

मैच के दौरान मौजूद प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने एमपीएल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता प्रदेश के युवा क्रिकेटरों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का उत्कृष्ट मंच बन चुकी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस लीग से उभरने वाले कई खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने एमपीसीए द्वारा क्रिकेट के विकास, खिलाड़ियों को अवसर उपलब्ध कराने तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग से क्रिकेट प्रशासन को नई दिशा देने के प्रयासों की भी प्रशंसा की। एमपीएल का यह फाइनल केवल एक खिताबी मुकाबला नहीं रहा, बल्कि मध्य प्रदेश क्रिकेट में तकनीक, पारदर्शिता और युवा प्रतिभाओं के सशक्त भविष्य की नई शुरुआत का भी साक्षी बना।

# समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया।

थाना मारकुंडी में मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि भूमि संबंधी जितने भी प्रकरण लंबित हैं, उनमें टीमें मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें। कहा कि समस्याग्रस्त व्यक्ति को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कानूनगो और लेखपालों को निर्देशित किया कि धारा 24 और 116 के अंतर्गत आने वाले मामलों का प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। कहा कि यदि निस्तारण न होने के कारण पीड़ित को दोबारा उनके पास आना पड़ा, तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की नसीहत दी। साथ ही बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत आगजनी व अन्य दैवीय आपदा से होने वाली हानि के मामलों में आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, थानाध्यक्ष मारकुंडी दीपक कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## धोखाधड़ी से ले ली जमीन

**चित्रकूट।** सदर तहसील के पुरवा तरौंहा गांव के निवासी बड़े पुत्र रामाधार ने बताया कि वह अपनी जमीन पर खेती करके जीवन यापन करता है। उसकी जमीन से बाईपास रोड निकलने के कारण कीमत बढ़ गई है। इसके चलते बरवारा गांव के एक अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति ने वृद्धा पेंशन के नाम पर फर्जी तरीके से कर्वी लाकर उसे नशीला पदार्थ खिला दिया और इसके बाद फर्जी तरीके से उसका बैनामा अपनी पत्नी के नाम करा लिया। लगभग 30 लाख रुपये कीमत की जमीन को मात्र पांच लाख रुपये के चेक का भुगतान दर्शाकर बैनामा करा लिया गया। जबकि उसे चेक भी नहीं दिया गया। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## दबंगों ने किया हमला

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सेमरिया चरणदासी गांव के निवासी अभिषेक कुमार द्विवेदी ने बताया कि बीती 22 जून को वह अपने परिवार समेत घर में मौजूद था। इस दौरान उनके गांव के कुछ दबंग उनके घर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससेउन लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। पीड़ित ने बताया कि उन लोगों का जमीनी विवाद पहले से चल रहा है। इसके चलते उन पर हमला किया गया है। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम-एसपी ने विधायक के साथ किया बरदहा बांध पुनरुद्धार कार्य का निरीक्षण

## जारोमाफी व छेरिहा बुजुर्ग में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 1984 में निर्मित बरदहा बांध के पुनरुद्धार कार्य का शनिवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने निरीक्षण किया। उनके साथ मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम कर्वी ने बताया कि बरदहा बांध की लंबाई 2.80 किलोमीटर और जल भंडारण क्षमता 7.532 मिलियन घनमीटर है। बांध से परासीन माइनर 4.850 किलोमीटर और बरदहा मुख्य नहर 11.400 किलोमीटर लंबाई में निकलती है। बताया कि इसके पुनरुद्धार कार्य के तहत बांध के अपस्ट्रीम में क्षतिग्रस्त पिचिंग की मरम्मत, पैरापेट वॉल का पुनर्निर्माण, गाइड वॉल का निर्माण, स्लूइस वेल की मरम्मत, बांध की चैड़ाई 3.50 मीटर से बढ़ाकर 6.20 मीटर करना, फिल्टर मरम्मत, सूट ड्रेन व टॉप ड्रेन की मरम्मत तथा निरीक्षण भवन की सुरक्षा के लिए प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति पर मिला। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बांध के गहरीकरण की मांग उठाए जाने पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि वर्तमान परियोजना में गहरीकरण का प्रावधान नहीं है। हालांकि चैड़ीकरण के लिए आवश्यक मिट्टी बांध के डूब क्षेत्र से ली गई है। बताया कि पहले केवल डेढ़ किलोमीटर तक ही पानी पहुंच पाता था, लेकिन पुनरुद्धार का कार्य पूरा होने पर सिंचाई सुविधा बढ़ेगी और छेरिहा बंधी, बराहमाफी टैंक तथा जरेरा टैंक को भी पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। बताया कि आगामी मानसून में नहर संचालन कर किसानों को सिंचाई सुविधा देने की तैयारी है। इस पर डीएम ने गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, जूनियर इंजीनियर नरेंद्र कुमार सिंह, जूनियर इंजीनियर मनोज कुमार, ग्राम प्रधान आमचूर नेरुवा मनोज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

बरदहा बांध निरीक्षण के बाद डीएम-एसपी व विधायक ने ग्राम पंचायत जारो माफी और छेरिहा बुजुर्ग मजरा के ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। जारो माफी के ग्रामीणों ने वन विभाग की मारकुंडी रेंज के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने जांच कराकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं छेरिहा बुजुर्ग के ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली और आवास से जुड़ी समस्याएं रखीं। इस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिया कि कोल आदिवासी समुदाय के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना का कैंप लगाकर पात्र लोगों को लाभ दिलाया जाए। साथ ही उपजिलाधिकारी मानिकपुर को क्षेत्र की अन्य समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने न्याय पंचायत किहुनिया, उमरी, रामपुर और आमचूर नेरुवा में भी कैंप लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने को कहा।

## सपा नेता ने राम मंदिर चंदा संग्रह की जांच मांगी : सोशल मीडिया पर पोस्ट की, भाजपा समर्थकों ने तथ्यहीन बताया

चित्रकूट। अयोध्या स्थित रामलला मंदिर में दान राशि चोरी होने की घटना के बाद चित्रकूट में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज यादव ने राम मंदिर निर्माण के दौरान एकत्र किए गए चंदे की जांच की मांग उठाई है। उनकी सोशल मीडिया पोस्ट के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। अनुज यादव ने अपनी पोस्ट में भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण के समय भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर रसीद बुक के जरिए चंदा एकत्र कर रहे थे। उन्होंने सवाल उठाया कि उस दौरान जुटाई गई चंदा राशि का हिसाब भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए। सपा नेता ने आरोप लगाया कि राम मंदिर निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपये का चंदा एकत्र किया गया था। उनका कहना है कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि जांच होने पर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। अनुज यादव की इस पोस्ट के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस और तेज हो गई है। भाजपा समर्थक इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित और तथ्यहीन बता रहे हैं, वहीं विपक्षी समर्थक मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चित्रकूट का भगवान श्रीराम के जीवन से गहरा संबंध है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्ष के वनवास का सबसे लंबा समय चित्रकूट में ही बिताया था। ऐसे में राम मंदिर और उससे जुड़े किसी भी मुद्दे का यहां की राजनीति और जनभावनाओं पर विशेष प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

## गौशालाओं का स्थलीय दौरा कर गौसेवा आयोग के सदस्य ने जानी हकीकत

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विकासखंड मऊ के खंडेहा, विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत घुनुआ और विकासखंड पहाड़ी के सगवारा गौशालाओं का स्थलीय दौरा कर वहां संरक्षित निराश्रित और बेसहारा गौवंशों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान गौ सेवा आयोग के सदस्य ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए गौशालाओं में सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कई जरूरी निर्देश दिए गए। निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में नियमित साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, गोवंशों के लिए पर्याप्त छाया और उच्च गुणवत्ता का पौष्टिक चारा निरंतर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि गौवंशों की देखभाल में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री गौवंश सहभागिता योजना के तहत अधिक से अधिक निराश्रित गौवंशों को इच्छुक और प्रगतिशील किसानों को सौंपने के निर्देश दिए ताकि गौवंशों का बेहतर पालन-पोषण होगा और योजना के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जा सकेगा। स्पष्ट किया कि गोवंश संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिन गौशालाओं में अभी तक पौधरोपण नहीं हुआ है, वहां तत्काल सघन अभियान चलाकर छायादार पौधे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरों के संचालन को अनिवार्य किया गया, ताकि पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चित्रकूट में बन रहा प्रदेश का पहला ग्लास स्काईवॉक : निरीक्षण को पहुंचे अपर मुख्य सचिव पर्यटन को मिलेगा नया आकर्षण

**चित्रकूट।** चित्रकूट में उत्तर प्रदेश के पहले ग्लास स्काईवॉक ब्रिज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शनिवार को प्रदेश की अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण वी. हेकाली जीमोमी ने टिकरिया स्थित निमार्णाधीन ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को फिनिशिंग का काम युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने इस परियोजना को प्रदेश की महत्वाकांक्षी पर्यटन योजनाओं में से एक बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जीमोमी ने अधिकारियों को सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए तय समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि इसे जल्द से जल्द पर्यटकों के लिए खोला जा सके। निरीक्षण के दौरान, अपर मुख्य सचिव ने स्काईवॉक ब्रिज की संरचना, ग्लास पैनलों की गुणवत्ता, रेलिंग, सुरक्षा व्यवस्थाओं और अन्य फिनिशिंग कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी कि अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेजी से कराया जा रहा है। यह ग्लास स्काईवॉक ब्रिज उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा पुल होगा, जो पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण बनेगा। इसके शुरू होने से धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन के लिए प्रसिद्ध चित्रकूट में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और पर्यटन व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के बाद, अपर मुख्य सचिव ने रानीपुर टाइगर रिजर्व का भी दौरा किया।

# धर्मनगरी में आधुनिक आई केयर एकेडमी का शुभारंभ
# 3 वर्षों में प्रशिक्षित होंगे 20 हजार नेत्र स्वास्थ्य पेशेवर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट और स्टैंडर्ड चार्टर्ड के साझा प्रयासों से धर्मनगरी में ह्यरूरल आई केयर एजुकेशन एकेडमीह्य का शुभारम्भ किया गया। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने इसका भव्य शुभारंभ किया। इस एकेडमी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एक कुशल वर्कफोर्स तैयार करना है।

भारत में ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से स्टैंडर्ड चार्टर्ड एवं सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट के प्रयासों से स्थापितइस एकेडमी का संचालन सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से किया जायेगा जिसका मुख्य उद्देश्य एक कुशल एवं लैंगिक समावेशी नेत्र देखभाल वर्कफोर्स का निर्माण करना है, जो कि वंचित एवं ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। एकेडमी ने अगले तीन वर्षों में 20 हजार से अधिक नेत्र देखभाल पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। इसमें नेत्र रोग विशेषज्ञों के साथ-साथ पैरामेडिकल स्टाफ और प्रबंधन कर्मियों को भी तैयार किया जाएगा। विशेष बात यह है कि इस प्रशिक्षण में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं और वंचित वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी।

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि यह अत्याधुनिक एकेडमी देश में नेत्र चिकित्सा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यहां सिमुलेशन आधारित कौशल प्रयोगशालाएं और डिजिटल शिक्षण प्रणालियां उपलब्ध हैं, जो देशभर के नेत्र रोगियों को बेहतर उपचार दिलाने में सहायक होंगी।




स्टैंडर्ड चार्टर्ड की सस्टेनेबिलिटी प्रमुख करूणा भाटिया ने बताया कि संस्था अब तक पांच ऐसी एकेडमी के माध्यम से 2400 से अधिक लोगों को रोजगार दिला चुकी है।

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक डॉ. इलेश जैन ने बताया कि यह एकेडमी ह्यजेंडर इनक्लूसिवह्य मॉडल पर आधारित है। इसका ध्येय तकनीक आधारित शिक्षा के माध्यम से रोके जा सकने वाले अंधत्व (एवोइडेबल ब्लाइंडनेस) को पूरी तरह समाप्त करना है। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य राजीव नयन चौबे, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन आदि मौजूद रहे।

# भारत को पसंद आया जो विमान, SJ-100, IL114 300 सुपर जेट को खुद चेक करने पहुंचे पुतिन

**रूस**

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन जिन विमानों को देखने पहुंचे वो विमान थे एस्न100 आईएल 114300। यह सिविलियन एयरक्राफ्ट हैं और इनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यह पूर्णतः पूर्णतः रूसी तकनीक पर तैयार हुए हैं। इस बात से रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन भी काफी गदगद दिखाई दिए और उन्होंने तारीफ में कहा कि बहुत अच्छा काम हुआ है। अब रशिया ने यूरोपीय देशों से, अमेरिकी देशों से, बिना किसी सहयोग के, बिना किसी तकनीक के, बिना किसी स्क्रू के अपने टैलेंट पर अपने दम पर इसे खड़ा कर लिया और उसको लेकर उन्होंने खुशी व्यक्त की। कंपनी प्रवेश कंपनी की है और उन्होंने मॉस्को के पास जकोस्की शहर में देश के बने विमानों के नए मॉडल का यह जो निरीक्षण किया है इसमें पुतिन को एमएस 21310 एस्न100 क्छ14300 विमान मॉडल दिखाए गए। बाद में देश के एिएशन के विकास पर हुई बैठकों में उन्होंने जो तारीफ की वो भी हमने आपको सुनवाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि हम यह पक्का करने के लिए जरूरी कदम उठाएंगे कि रूसी एयरलाइंस मुख्य रूप से हमारे देश में बने विमानों से ही उड़ान भरे। वहीं सबसे बड़ा कनेक्शन जिन विमानों को देखने पहुंचे उसमें रख 10000 क्छ 114300 जो है इसका इंडिया कनेक्शन है। यह लोग भारत के साथ कारोबार कर रहे हैं और इंडिया ऐसे 200 विमान रूस से खरीदने के तैयारी में है। ल्छ के साथ समझौते हो रहे हैं और कुछ ऑर्डर्स भी हो रहे हैं।

बताया यह जा रहा है कि क्छ14300 टर्बो प्रॉप और रख100 रीजनल जेट जो हैं वो भारत के खरीद में शामिल हो सकते हैं। एक रूसी वरिष्ठ एिएशन अधिकारी ने बताया है कि यह 200 रीजनल विमान खरीदने पर भारत विचार कर रहा है जिससे वह अपने छोटे शहरों को कम सेवा वाले रूटों पर हवाई कनेक्टिविटी बढ़ा दे।




रीजनल जेट की जो खरीद है इस बातचीत में एचएल के साथ साझेदारी में भारत में इनके संभावित लोकल मैन्युफैक्चरिंग पर भी चर्चा है।

टास्क को इंटरव्यू में रोस्टेक की एक डिवीजन यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन के प्रमुख ने बताया कि भारतीय एयरलाइंस ने 200 तक रूसी क्छ14300 और रख एयरक्राफ्ट खरीदने में दिलचस्पी दिखाई। हमने एयरक्राफ्ट इक्विपमेंट में असली दिलचस्पी दिखाने वाला हमारे जो है वो भारत पहला देश है जिसकी तारीख में उन्होंने ये बात कही थी। उन्होंने यह भी बताया कि जो बीते साल विंग्स इंडिया हुआ था उसमें क्छ 114300 और रख 10000 को प्रदर्शित किया गया। भारतीय एयरलाइंस ने इन दोनों ही विमानों की जो है वो मांग की है। बताया जा रहा है कि हम 100 200 एयरक्राफ्ट की बात कर रहे हैं जो उन्होंने यूनाइटेड एयरक्राफ्ट के प्रमुख ने जो जानकारी दी है बहुत बड़ा डील हो सकता है। यूएसई और भारत में एचएल के बीच उनकी सुविधाओं में एसजे 100 लाइसेंस आधारित निर्माण की संभावना पर एक समझौता भी हुआ है।

हाल ही में जो जानकारी आई कि भारत 3 साल में अपना पहला सुपर जेट एयरक्राफ्ट बनाना शुरू कर सकता है। भारत में हर साल बनने वाले 20 से 40 सुपर जेट को अच्छी रफ्तार बताया गया है। अनुमान लगाया गया कि भारत और पड़ोसी बाजारों में 200 से 300 एयरक्राफ्ट की क्षमता है। तो ये अपने आप में एक बड़ा डेवलपमेंट है

# मोदी का नाम लेकर ईरान का बहुत बड़ा फैसला, क्या करेगा भारत?



**ईरान**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का नाम लेकर ईरान ने एक बहुत बड़ा बयान दिया है। ईरान ने एक खास मौका देखते हुए पीएम मोदी को एक खास न्योता भेज दिया है। दरअसल ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजिशकियान ने पीएम मोदी को अमेरिकी हमले में मारे गए सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामिनई के जनाजे में शामिल होने के लिए बुलाया है। आपको बता दें कि पिछले तीन-चार महीनों से ईरान अमेरिका और खासतौर पर इजराइल के डर से खामेनेई का जनाजा नहीं निकाल पा रहा है। ईरान के करोड़ों लोग चाहते हैं कि खामिनई को जल्द से जल्द पूरे सम्मान के साथ दफनाया जाए। मगर ईरान को जानकारी मिली है कि इजराइल भी इसी जनाजे के इंतजार में बैठा है ताकि ईरान की बचीखुची लीडरशिप इस जनाजे में आए और इजराइल उनको भी निपटा दे। जानकारी के लिए बता दें कि खामेनेई की अंतिम यात्रा का कार्यक्रम 4 जुलाई से 9 जुलाई तक चलेगा। 9 जुलाई के दिन खामेनेई को ईरान के मशहद शहर में दफनाया जाएगा। खामेनेई का जन्म मशहद शहर में ही हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर ईरान ने बहुत बड़ा बयान दिया है।

ईरान ने एक खास मौका देखते हुए पीएम मोदी को एक खास न्योता भेज दिया है। यह न्योता क्या है और पीएम मोदी को क्यों भेजा गया है? उसकी संभावित वजह आपके होश उड़ा देगी। दरअसल ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजिशकियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिकी हमले में मारे गए सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई के जनाजे में शामिल होने के लिए बुलाया है। यानी ईरान चाहता है कि पीएम मोदी खामेनेई के जनाजे में खुद आए।

लेकिन एक्सपर्ट्स के मुताबिक ईरान ऐसा क्यों चाहता है वह सच आपको हिला कर रख देगा। दरअसल पिछले 4 महीनों से ईरान अमेरिका और खासतौर पर इजराइल के डर से खामेनेई का जनाजा नहीं निकाल पा रहा। ईरान के करोड़ों लोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द खामेनेई को सम्मान के साथ दफनाया जाए। लेकिन यहां पर असली खेल यह है कि खामेनेई को दफनाने की जितनी जल्दी ईरान को है उतनी ही जल्दी इजराइल को भी है।

# गुस्से में ट्रंप, NATO तहस-नहस! मार्क रूटे को व्हाइट हाउस में बुलाकर जमकर सुना दिया

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को NATO महासचिव मार्क रुटे से कहा कि ईरान के साथ टकराव के दौरान यूरोपीय सहयोगियों ने अमेरिका को निराश किया है। उन्होंने इस बात पर निराशा जताई कि टकराव के समय ठअळड के अहम सहयोगियों से उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिला। मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि उन्हें इटली, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और फ्रांस से निराशा हुई है और उन्होंने स्पेन की



भी आलोचना की। ट्रंप ने कहा कि हमें निराश किया गया। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा के एक बड़े संकट के समय सहयोगियों से मिली मदद उम्मीद के मुताबिक नहीं थी। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई और उस स्थिति में होता, तो हम आज आपसे मिल भी नहीं रहे होते।" उन्होंने संकेत दिया कि आम तौर पर सहयोगियों से मजबूत समर्थन की उम्मीद की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह बेहतर होता अगर सहयोगियों ने संघर्ष के दौरान साफ तौर पर मदद की पेशकश की होती।

आलोचना के बावजूद, ट्रंप ने कहा कि वे रुटे का सम्मान करते हैं और संकेत दिया कि अमेरिका और ठअळड नेतृत्व के बीच बातचीत जारी रहेगी।

# वेनेजुएला में भूकंप से कम से कम 164 लोगों की मौत, 971 घायल



**वेनेजुएला**

**वेनेजुएला** की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार सुबह एक अपडेट में बताया कि विनाशकारी भूकंपों के बाद मरने वालों की संख्या कम से कम 164 हो गई है, जबकि 971 लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। उठठ के अनुसार, अधिकारियों को डर है कि मरने वालों की असल संख्या काफी ज्यादा हो सकती है क्योंकि बहुत सारी इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गई हैं, और इमरजेंसी टीमें खोज और बचाव अभियान चला रही हैं। रोड्रिगेज ने बताया कि मुख्य दोहरे झटकों के बाद इस इलाके में कम से कम 30 आफ्टरशॉक (बाद के झटके) महसूस किए गए हैं। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला के सरकारी ब्रॉडकास्टर के साथ एक इंटरव्यू में रोड्रिगेज ने कहा कि वह बचाव टीमों को तैनात करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ तालमेल बिठा रही हैं। वह देश के पुनर्निर्माण के लिए 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर का शुरूआती फंड बनाने के लिए इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के साथ भी बातचीत कर रही हैं। गुरुवार तड़के (भारतीय मानक समय के अनुसार) वेनेजुएला में लगातार दो जबरदस्त भूकंप आए, जिनसे राजधानी काराकस में भारी तबाही हुई और कई इमारतें ढह गईं।

अधिकारियों और निगरानी एजेंसियों के अनुसार, ये दो भूकंप पिछले सौ सालों में इस लैटिन अमेरिकी देश में आए सबसे शक्तिशाली भूकंप थे। वर जियोलॉजिकल सर्वे के आंकड़ों से पता चला कि पहला भूकंप 7.1 तीव्रता का था और यह जमीन से 13 किलोमीटर की कम गहराई पर आया था।

# नक्शे से मिटा देंगे...मोसाद ने ली मुनीर की सुपारी, फिर जो हुआ

**हिला इजरायल**

**दुनिया** की सबसे खतरनाक खुफिया एजेंसी मोसाद जो दुनिया के किसी भी कोने में घुसकर अपने दुश्मनों को खत्म करने के लिए जानी जाती है। लेकिन क्या हो जब मोसाद के निशाने पर किसी आतंकी संगठन का सरगना नहीं बल्कि एक परमाणु संपन्न देश की सेना का प्रमुख आ जाए। जी हां, एक ऐसा दावा जिसने ग्लोबल मीडिया और कूटनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया है। दावा है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्विट्जरलैंड की वादियों में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की हत्या का सीक्रेट ऑर्डर दे दिया था और जब इस बात की भनक पाकिस्तान को लगी तो उसने इजराइल को नक्शे से मिटाने की ऐसी धमकी दी जिससे मोसाद को भी अपने कदम पीछे खींचने पड़े।

इस पूरी सनसनीखेज कहानी की शुरूआत होती है एक मशहूर पडकास्ट से। लिबनानी ऑस्ट्रेलियाई राजनीतिक विश्लेषक मारियो नाफेल के शो में दुनिया भर के खुफिया जानकारी रखने वाले जानेमाने ब्राजीलय पत्रकार पेपे एस्कुबार मेहमान बनकर आए थे। एस्कुबार कोई आम पत्रकार नहीं है। उनकी जिओपॉलिटिक्स और खुफिया तंत्र पर गहरी पकड़ मानी जाती है। इसी इंटरव्यू के दौरान एस्कुबार ने अपनी टॉप सीक्रेट खुफिया जानकारियों का हवाला देते हुए एक ऐसा बम फोड़ा जिसने सबको सन कर दिया। उन्होंने दावा किया कि मोसाद ने एक बेहद हाई प्रोफाइल टारगेट को स्विट्जरलैंड में एलिमिनेट करने का ब्लूप्रिंट तैयार कर




लिया था। अब सवाल उठता है कि पाकिस्तानी आर्मी चीफ स्विट्जरलैंड में क्या कर रहे थे?

इस अखुखबार के मुताबिक स्विट्जरलैंड के आलीशान बर्गन स्टॉक रिसोर्ट में एक बेहद गुप्त बैठक चल रही थी। यह बैठक सीधे तौर पर अमेरिका और ईरान के बीच हो रही थी। आप जानते ही हैं कि मध्य पूर्व में इस वक्त तनाव चरम पर है और अमेरिका ईरान के रिश्ते किसी से छिपे नहीं है। इस बेहद नाजुक बातचीत में कतर और पाकिस्तान मीडिएटर की भूमिका निभा रहे थे। इसी डेलीगेशन का हिस्सा थे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाक आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर। दावा है कि इजराइल इस अमेरिका ईरान सीक्रेट मीटिंग से बेहद खफा था और किसी भी कीमत पर इस मध्यस्था को नाकाम करना चाहता था। इसीलिए नेतन्याहू के इशारे पर मोसाद ने सीधे पाकिस्तानी डेलीगेशन और खासतौर पर आसिम मुनीर को हमेशा के लिए रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली।

# गलत निकले तो बातचीत खत्म!

**होर्मुज**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट को स्थिर करने के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने घोषणा की है कि ईरान ने औपचारिक रूप से भरोसा दिलाया है कि वह महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर कोई ट्रांजिट शुल्क नहीं लगाएगा। होर्मुज जलडमरूमध्य, जो दुनिया के समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20% हिस्सा संभालता है और एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, ईरान द्वारा ट्रैफिक पर संभावित नियंत्रण की खबरों के बाद से



अस्थिरता का केंद्र बना हुआ है। इंडस्ट्री की चिंताओं को दूर करने के लिए, राष्ट्रपति ट्रंप ने तेहरान से मिले इस आश्वासन की जानकारी 'ट्रुथ सोशल' पर दी। राष्ट्रपति ने कहा ईरान ने हमें सूचित किया है कि कमर्शियल शिपिंग पर 'कोई टोल, कोई बीमा लागत और किसी भी प्रकार का कोई अन्य शुल्क' नहीं लगेगा।" उन्होंने एक स्पष्ट राजनयिक चेतावनी के साथ इस वादे की गंभीरता पर जोर दियाः "अगर यह जानकारी गलत निकली, तो बातचीत तुरंत खत्म हो जाएगी!

राष्ट्रपति ट्रंप ने इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल ईरान की फ्रीज की गई पूंजी की स्थिति के बारे में देश में बढ़ रही अटकलों को संबोधित करने के लिए भी किया। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि ईरानी सरकार को कोई "लिक्विड फंड" या कैश ट्रांसफर या जारी किया गया है। साथ ही, उन्होंने अमेरिकी अधिकार क्षेत्र में रखी अरबों की संपत्ति को संभालने के लिए एक नए, कड़ाई से नियंत्रित सिस्टम की रूपरेखा भी बताई। प्रशासन की योजना के अनुसार, फ्रीज किए गए फंड का इस्तेमाल सिर्फ. अमेरिकी कृषि उत्पादों - खासकर मक्का, गेहूं और सोयाबीन - की खरीद के लिए किया जाएगा, जो ईरानी जनता के लिए हैं। ट्रंप ने बताया, "हम उनके कुछ पैसे जारी करेंगे, जो पूरी तरह से हमारे नियंत्रण में हैं, ताकि हमारे किसानों और पशुपालकों को मदद मिल सके।" उन्होंने यह भी कहा कि ईरान में इन सामानों की "बहुत ज्यादा जरूरत" है। इस संवेदनशील वित्तीय कदम का खाका स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक में हुई उच्च-स्तरीय बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने तैयार किया था। जेरेड कुशनर द्वारा तैयार की गई इस प्रक्रिया में कतर के साथ मिलकर निगरानी करने का तरीका शामिल है, ताकि फंड का गलत इस्तेमाल न हो।

# होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए केवल अधिकृत रास्तों का ही इस्तेमाल करें

**ईरान**

**ईरानी** समाचार एजेंसी 'प्रेस टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना ने जहाजों को चेतावनी दी है कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए केवल अधिकृत रास्तों का ही इस्तेमाल करें। नौसेना ने कहा है कि ईरान द्वारा तय किए गए रास्तों के बाहर किसी भी तरह की आवाजाही पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। प्रेस टीवी के मुताबिक, क्ष्क्ष्ह्ल नौसेना ने कहा कि "कुछ अधिकारियों" ने तेहरान से सलाह-मशविरा किए बिना ही इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने के लिए एक नए समुद्री रास्ते की घोषणा कर दी थी। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि कुछ अधिकारियों ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान को पहले से कोई सूचना दिए या उनसे तालमेल बिठाए बिना होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले एक नए शिपिंग रूट की घोषणा की है। यह प्रस्तावित रास्ता स्वीकार्य नहीं है और इससे सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। सेना ने जोर देकर कहा कि इस जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए केवल ईरान द्वारा मंजूर किए गए रास्ते ही अधिकृत हैं। नौसेना ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए केवल वे ही रास्ते अधिकृत हैं जिन्हें इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ने तय किया है। इन रास्तों के बाहर जहाजों की आवाजाही प्रतिबंधित और बेहद खतरनाक है। सभी जहाजों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे तय किए गए रास्तों (कॉरिडोर) के बाहर नेविगेशन से बचें।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# 'पैक्स सिलिका' पहल पर भारत के साथ साझेदारी करके खुश

**अमेरिका**

**अमेरिका** के आर्थिक मामलों के अंडर सेक्रेटरी जैकब हेलबर्ग ने कहा कि वर, 'पैक्स सिलिका' पहल पर भारत के साथ साझेदारी करके खुश है। हेलबर्ग वाशिंगटन ऊ़ में आयोजित दूसरे 'पैक्स सिलिका समिट' के दौरान बोल रहे थे। हेलबर्ग ने कहा कि हम भारत के साथ साझेदारी करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। भारत 'पैक्स सिलिका' में शामिल होने वाले शुरूआती 10 देशों में से एक था। भारत में हमारे राजदूत ने वर-भारत संबंधों को बहुत अच्छे से संभाला है; जैसा कि वे कहते हैं, हमारा मानना ??है कि 21वीं सदी में दुनिया के सबसे अहम द्विपक्षीय संबंधों में से एक यही है। कल भारत के साथ हमारी बातचीत में कई अहम और समय-अनुकूल मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें 'क्वाड' और 'ट्रस्ट पहल' शामिल हैं। हम इस समिट में भारत और भारतीय बिजनेस सेक्टर के कई प्रतिनिधियों की मौजूदगी को लेकर बहुत उत्साहित हैं, ताकि उन चचाओं को असल सहयोग में बदला जा सके।

इससे पहले, समिट में बोलते हुए हेलबर्ग ने PÔxPÔss लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो जरूरी अक सामानों की आवाजाही को आसान बनाएगा। साथ ही, उन्होंने स्टैनफोर्ड के साथ मिलकर 'फाउंड्री स्कूल' शुरू करने की भी घोषणा की, जो एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग लीडर्स को ट्रेनिंग देने के लिए वर्कफोर्स डेवलपमेंट पहल है। उन्होंने कहा मैं PÔx पार्टनर्स के लिए एक नए 'PÔx SilicÔ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस असिस्टेंस




प्रोजेक्ट' की घोषणा करते हुए उत्साहित हूँ। ये पार्टनर्स पनामा के जरिए हाई-वैल्यू अकसप्लाई चेन प्रोडक्ट्स भेजते हैं। हम ढ७ ढं२२ लॉन्च करेंगे, जो एक महत्वाकांक्षी नया प्लेटफॉर्म है। इसमें भरोसेमंद पार्टनर्स के लिए अक इकॉनमी को चलाने वाले जरूरी सामानों की आवाजाही के तरीके को बदलने की क्षमता है। यह कार्गो वेरिफिकेशन, अक-पावर्ड रिस्क असेसमेंट और भरोसेमंद शिपमेंट्स के लिए पहले से मंजूर तेज प्रोसेसिंग को एक साथ लाता है। ढ७ ढं२२ रुकावटों को कम करेगा, सप्लाई चेन की मजबूती बढ़ाएगा और भरोसेमंद व्यापार को तेज करेगा। इस कोशिश को सपोर्ट करने के लिए, अमेरिका ढ७ ढं२२ के डेवलपमेंट और डिप्लॉयमेंट के लिए 50 मिलियन डॉलर की विदेशी सहायता राशि दे रहा है। हम अपने विजन के लिए अपने रिसोर्स लगा रहे हैं और दिखा रहे हैं कि भरोसेमंद पार्टनरशिप को असल इन्वेस्टमेंट का सपोर्ट मिलता है।

उन्होंने आगे कहा, "हम 'फाउंड्री स्कूल' भी लॉन्च करेंगे, जो ढ७ ẍ्ू इकॉनमीज में एंटरप्रेन्योर्स, इंजीनियर्स और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग लीडर्स को तैयार करने के लिए स्टैनफोर्ड की पार्टनरशिप में बनाया गया वर्कफोर्स डेवलपमेंट इनिशिएटिव है। फाउंड्री स्कूल की शुरूआत स्टैनफोर्ड में एक सेमिनार सीरीज से होगी, जिसमें दुनिया के सबसे सफल इंडस्ट्रियल एंटरप्राइजेज के पीछे के सिद्धांतों को सिखाने के लिए एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के सबसे बड़े एक्सपर्ट्स इकट्ठा होंगे। साथ ही, स्टैनफोर्ड और स्टेट डिपार्टमेंट ढ७ ẍ्ू इकॉनमीज के इंस्टीट्यूशन्स के अपनाने और सिखाने के लिए अपनी तरह का पहला करिकुलम डेवलप करेंगे... हमें उम्मीद है कि ढ७ ẍ्ू नेटवर्क में ऐसे कुछ जोन्स में से यह सिर्फ. पहला जोन होगा, जिससे एक जुड़ा हुआ इकोसिस्टम बनेगा जहाँ पार्टनर देशों के बीच इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और भरोसेमंद प्रोडक्शन एक-दूसरे को मजबूत करेंगे।

# पोलियो उन्मूलन में जनसहयोग सबसे बड़ी शक्ति, एक भी बच्चा न छूटे : जिलाधिकारी शैलेष कुमार

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।राष्ट्रीय** पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 जून को आयोजित होने वाले विशेष बूथ दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली बच्चों की जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बच्चों ने "दो बूंद जिंदगी की", "पांच साल से कम उम्र, पोलियो की दवा है जरूरी" तथा "एक भी बच्चा न छूटे" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को अभियान में सहभागिता के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि भारत वर्ष वर्ष 2014 से पोलियो मुक्त है तथा पिछले 12 वर्षों में देश में पोलियो का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। हालांकि पड़ोसी देशों अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में समय-समय पर पोलियो के मामले पाए जाने के



कारण सतर्कता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पोलियो वायरस से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 2.82 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 28 जून को विशेष बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जनपद में 643 बूथों पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान की निगरानी के लिए 450 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि 29 जून से 3 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके उपरांत 6 जुलाई को बी-टीम के माध्यम से विशेष गतिविधियां संचालित कर ऐसे बच्चों को भी पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जो किसी कारणवश पूर्व चरणों में छूट गए हों। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 0 से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर जाएं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों का पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज का जनआंदोलन है। जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा बहुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजन के सहयोग से ही जनपद को पूर्णतः पोलियो सुरक्षित बनाए रखा जा सकता है।

# थाना समाधान दिवस: 94 शिकायतें पहुंचीं, पुलिस से जुड़ी सभी 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। शासन** की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं तथा उनके समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस के दौरान पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों ने लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। पुलिस से संबंधित मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि राजस्व से जुड़े प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित



किया गया।

अधिकारियों ने विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि शिकायतकताओं को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और मामलों का निष्पक्ष एवं शीघ्र निस्तारण हो सके।

जिले के सभी थानों में कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 74 शिकायतें राजस्व विभाग तथा 20 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थीं। पुलिस विभाग से जुड़ी सभी 20 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में संयुक्त टीमों का गठन कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# कोर्ट ने एक लाख के ईनामी समशाद को भेजा जेल

**सुल्तानपुर। साइन** सिटी प्रॉक्सिमा डेवलपर्स संस्था की आड़ में लोगों को अपने जाल में फंसाकर जमीन दिलाने के नाम पर लाखों की रकम हड़पने के आरोप से जुड़े मामले में लंबे समय से फरार चल रहे प्रयागराज के आरोपी मो. समशाद को आर्थिक अपराध जांच शाखा एवं कोतवाली नगर पुलिस ने चार मामलों में सीजेएम कोर्ट में पेश किया। सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने आर्थिक अपराध से जुड़े तीन मामलों एवं एक अन्य मामले में आरोपी की रिमांड स्वीकार करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है।

जौनपुर जिले के सिगरामऊ थाने के हरिहरपुर के रहने वाले सुनील कुमार मिश्रा व अन्य ने कोर्ट के आदेश पर तीन अलग-अलग मामले 21 मार्च साल 2022 को कोतवाली नगर में दर्ज कराया था। मामले में साइन सिटी प्रॉक्सिमा डेवलपर्स संस्था की आड़ में आम लोगो से फजीर्वाड़ा कर उनसे धन हडपने के आरोपी सीएमडी राशिद नसीम, सह आरोपी आसिफ नसीम, जसीमन खान,अश्वनी सिंह,हरिओम द्विवेदी समेत व अन्य को नामजद किया था। इन मामलों में प्रयागराज जिले के शिवकुटी थाने के कमला नगर नयापुर के रहने वाले आरोपी मो. समशाद का भी नाम सामने आया था। मामले में आरोपी समशाद लंबे समय से फरार चल रहा था,जिसके खिलाफ कोर्ट से फरार घोषित किए जाने की कार्रवाई भी जारी की गई थी।

# गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल, गोपीगंज में हिंदू परिवारों ने अकीदत के साथ रखा ताजिया, पीढ़ियों से निभा रहे परंपरा

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। जनपद** भदोही के नगर गोपीगंज में आज भी गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिल रही है। यहां सैकड़ों वर्षों से, यहां तक कि देश की आजादी से पहले से ही हिंदू समाज के लोग मोहर्रम के अवसर पर ताजियादारी की परंपरा को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ निभाते चले आ रहे हैं। नगर के ज्ञानपुर रोड स्थित नोनियांन गली निवासी शिव प्रसाद चौहान ने बताया कि उनके दादा-परदादा के समय से ही परिवार के लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम की नौवीं तारीख को ताजिए को श्रद्धा



और सम्मान के साथ अपने दरवाजे पर स्थापित करते हैं। ताजिए की विधिवत पूजा-अर्चना एवं नजर-नियाज के बाद उसे बैठाया जाता है तथा मोहर्रम की दसवीं तारीख को नगर के अखाड़े के साथ शामिल होकर जीटी रोड स्थित गिराई कर्बला मैदान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि आपसी भाईचारे, सौहार्द और इंसानियत की मिसाल भी है। यह परंपरा इस बात को दशार्ती है कि आज भी समाज में गंगा-जमुनी संस्कृति जीवंत है

और लोग आपसी प्रेम एवं सद्भाव को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं नगर के लाई बाजार स्थित इमाम चौक पर भरत जायसवाल ने बताया कि वह पिछले लगभग पच्चीस वर्षों से लगातार मोहर्रम के अवसर पर इमाम चौक पर ताजिया रखते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ताजिया रखना उनकी कोई मन्नत नहीं, बल्कि हजरत इमाम हुसैन के प्रति उनकी श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है।

# संदीप यादव हत्याकांड में फिर टला फैसला

**सुल्तानपुर। भूतपूर्व** प्रधान के पुत्र संदीप यादव उर्फ राजन की हत्या से जुड़े करीब बारह साल पुराने मामले में एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में बृहस्पतिवार को फैसले के लिए तारीख नियत रही। फिलहाल मामले में अदालत ने त्रुटिवश बाकी रह गई एक धारा में जमानत की कार्यवाही पूरी होने के बाद शेष बहस को सुना,नतीजतन मामले में फैसला नहीं आ सका। अदालत ने मामले में फैसले की तारीख बढाते हुए 30 जून तय किया है।अमेठी जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र (वर्तमान थाना शिवगढ़) के परसूपुर मजरे रामपुर निवासी भूतपूर्व प्रधान दशरथ यादव ने 23 अगस्त साल 2014 की घटना बताते हुए अपने बेटे की हत्या के सम्बंध में स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उनके मुताबिक उनके बेटे संदीप यादव उर्फ राजन की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर आरोपियो के जरिए शव को छिपाने का प्रयास किया गया था। मामले में ठाकुरराम का पुरवा मजरे रामपुर निवासी सगे भाई बृजेश सिंह उर्फ कल्लू, उमेश सिंह, सह आरोपी दिनेश सिंह उर्फ सूबेदार, भारामल का पुरवा निवासी संतोष सिंह तथा असरवन गांव निवासी सूरज सिंह को नामजद आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। आरोपी संतोष सिंह लंबे समय से गैरहाजिर चल रहा है, जिसके कारण उसकी पत्रावली अलग कर दी गई है।

# दिशा समिति की बैठक में जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा, सांसद बोले-हर पात्र तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

**सुलतानपुर। जिला** विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद राम भुआल निषाद की अध्यक्षता और अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा की सह-अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए।बैठक में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, एमएलसी देवेन्द्र



प्रताप सिंह,जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी, विधायक मोहम्मद ताहिर खान, जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह समेत जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, अमृत 2.0, स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, आयुष्मान भारत, मातृ वंदना योजना, टीबी उन्मूलन, समग्र शिक्षा, पीएम पोषण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, उज्ज्वला, पीएम स्वनिधि, ओडीओपी समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

# इंद्रदेव की कृपा और मां महाकाली की आराधना हेतु सेविका मीरा राय ने कराया भव्य सामूहिक हवन-पूजन

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद यूसुफपुर नगर स्थित माता महाकाली मंदिर परिसर में शनिवार सायंकाल श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। क्षेत्र की प्रसिद्ध समाजसेविका एवं सेविका मीरा राय के नेतृत्व में वर्षा के देवता इंद्रदेव की प्रसन्नता एवं जनकल्याण की मंगलकामना के लिए विशेष सामूहिक हवन-पूजन एवं वैदिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मां महाकाली का 101 किलो आम से दिव्य एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसकी भव्यता ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। विधि-विधान से पूजन-अर्चन के उपरांत इंद्रदेव को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुति अर्पित की गई तथा समय पर वर्षा, सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई।

माता महाकाली को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किए गए। वहीं श्रद्धालु सुशीला राय ने अपनी अटूट आस्था का परिचय देते हुए माता



रानी को सोने की आंख अर्पित की। माता के दरबार में क्षेत्र की महिलाओं द्वारा सामूहिक शिव चर्चा का आयोजन हुआ, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। संध्या बेला में स्थानीय लोकगीत कलाकारों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

संध्या आरती के उपरांत माता रानी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

इस पावन आयोजन में मंदिर अध्यक्ष विनोद मद्धेशिया, समाजसेविका मीरा राय, सुशील राय, ज्योति राय, वैष्णवी चौरसिया, हरि नारायण सिंह यादव, सुरेश सिंह यादव, उमा सिंह यादव, रामवृक्ष प्रजापति सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नशे से बर्बाद होते जीवन को बचाना होगा

**-: ललित गर्ग:-**

**नशीली** दवाओं का बढ़ता प्रचलन आज विश्व मानवता के सामने एक ऐसे संकट के रूप में उभर रहा है, जो केवल स्वास्थ्य की समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर वैश्विक प्रश्न बन चुका है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी लाखों लोगों के जीवन को अंधकार में धकेल रही है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी इसका सबसे बड़ा शिकार बन रही है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, ताकि विश्व समुदाय इस चुनौती के प्रति जागरूक हो, सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाए और एक नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हो। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को संकल्प संख्या 42/112 के माध्यम से इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग से मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग और कार्रवाई को मजबूत करना है। इस दिवस के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि नशीली दवाओं की समस्या का समाधान केवल दंडात्मक उपायों से नहीं, बल्कि जनजागृति, सामाजिक-पारिवारिक रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक सहयोग से संभव है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) ने वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की थीम निर्धारित की है- ह्यह्यविश्वव्यापी नशीली दवाओं की समस्याः स्थायी मुद्दे, नई चुनौतियां, अभिनव समाधानह्नह्न। यह थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि नशे की गिरफ्त में आए व्यक्ति को अपराधी नहीं, बल्कि सहायता और उपचार की आवश्यकता वाले व्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। समाज, परिवार, सरकार और स्वास्थ्य संस्थाओं के समन्वित




प्रयास ही उसे पुनः सामान्य जीवन की ओर लौटा सकते हैं। विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नशीली दवाओं के उपयोग में निरंतर वृद्धि हो रही है। अनुमानतः विश्वभर में 30 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। इनमें से करोड़ों लोग नशे की लत के कारण गंभीर शारीरिक एवं मानसिक रोगों से पीड़ित हैं, लेकिन उपचार सुविधाओं तक उनकी पहुंच अत्यंत सीमित है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों से पीड़ित प्रत्येक आठ व्यक्तियों में से केवल एक को ही उपचार प्राप्त हो पाता है। यह स्थिति विश्व स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर चुनौती को उजागर करती है। बीते कुछ दशकों में वैश्विक मादक पदार्थ बाजार का स्वरूप तेजी से बदला है। परंपरागत नशीले पदार्थों-अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस और कोकीन के साथ-साथ अब सिंथेटिक ड्रग्स, फेंटानिल, मेथामफेटामाइन और विभिन्न रासायनिक नशीले पदार्थों का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। कृत्रिम नशीले पदार्थों के उत्पादन में कम लागत, तस्करी में कम जोखिम और अत्यधिक मुनाफे ने अवैध मादक पदार्थ उद्योग को और अधिक संगठित तथा खतरनाक बना दिया है। आज मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह आधुनिक तकनीक, डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर नए उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं और किशोरों, को अपना लक्ष्य बना रहे हैं। ऑनलाइन नेटवर्क और गुप्त डिजिटल लेन-देन ने नशीली दवाओं की उपलब्धता को पहले की अपेक्षा कहीं अधिक आसान बना दिया है। संगठित अपराध और मादक पदार्थों का यह गठजोड़ विश्व शांति और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गया है।

नशीली दवाओं का दुरुपयोग मानव शरीर की लगभग प्रत्येक प्रणाली को प्रभावित करता है। हृदय, यकृत, फेफड़े, मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। दीर्घकालिक सेवन व्यक्ति को अवसाद, मानसिक असंतुलन, आत्महत्या की प्रवृत्ति, स्मृति ह्रास और व्यक्तित्व विघटन की ओर ले जाता है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार अफीम, हेरोइन, स्मैक, कोकीन और सिंथेटिक ड्रग्स का निरंतर सेवन व्यक्ति को मानसिक रूप से अक्षम बना सकता है। नशे का दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। इसके कारण परिवार टूटते हैं, घरेलू हिंसा बढ़ती है, बेरोजगारी और आर्थिक संकट गहराते हैं तथा अपराध और सामाजिक असुरक्षा को बढ़ावा मिलता है। अनेक शोधों में यह तथ्य सामने आया है कि चोरी, हिंसा, तस्करी, यौन अपराध और संगठित अपराधों का एक बड़ा हिस्सा मादक पदार्थों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

भारत भी इस वैश्विक संकट से अछूता नहीं है। भौगोलिक स्थिति, सीमावर्ती चुनौतियां, बढ़ती शहरीकरण प्रक्रिया और युवाओं में बदलती जीवनशैली के कारण देश में नशीली दवाओं का दुरुपयोग चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुका है। विशेष रूप से पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, उत्तर-पूर्वी राज्यों तथा महानगरों में यह समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। भारत की पश्चिमी सीमा के निकट स्थित तथाकथित ह्यगोल्डन क्रिसेंटह्न-अफगानिस्तान, पाकिस्तान और ईरान विश्व के प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों में शामिल है, जिसके कारण सीमावर्ती राज्यों में तस्करी की समस्या अधिक जटिल हो गई है। पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी और नशे की समस्या से जूझ रहा है। सीमा पार से ड्रोन और अन्य माध्यमों से होने वाली तस्करी ने स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स को व्यापक स्तर पर फैलाया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को कमजोर और सामाजिक संरचना को क्षतिग्रस्त करना है। यह केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी प्रश्न है। जिसके दुष्परिणाम विशेषतः पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है।

# स्मार्टफोन संयमित उपयोग की वैश्विक जरूरत

**-: ललित गर्ग:-**

**विज्ञान** और तकनीक ने मानव सभ्यता को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। आज का युग डिजिटल युग है, जहां एक क्लिक पर पूरी दुनिया हमारी हथेली में सिमट आई है। स्मार्टफोन ने संचार, शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शासन और सामाजिक संबंधों को नई दिशा दी है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी लेकर आती है। स्मार्टफोन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यह जितना बड़ा वरदान सिद्ध हुआ है, उतना ही बड़ा अभिशाप भी बनता जा रहा है। विशेष रूप से बच्चों और किशोरों पर इसके दुष्प्रभावों ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। आज विश्वभर में यह स्वीकार किया जा रहा है कि स्मार्टफोन केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसका विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। दुर्भाग्यवश, विवेक और अनुशासन के अभाव में इसका नकारात्मक पक्ष अधिक मुखर हो रहा है। स्मार्टफोन की लत बच्चों और युवाओं में मानसिक तनाव, अवसाद, एकाकीपन, हिंसक प्रवृत्तियों, अश्लीलता, साइबर अपराध और सामाजिक विघटन का कारण बन रही है। यही कारण है कि आज केवल परंपरागत समाज और विकासशील देश ही नहीं, बल्कि विकसित देश भी इस चुनौती से निपटने के लिए कठोर कदम उठा रहे हैं।

हाल ही में भारत के हरियाणा के नूंह जिले के सुखपुरी गांव की पहल ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। गांव की पहचान साइबर अपराध के केंद्र के रूप में बनने लगी थी। इससे आहत होकर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से स्मार्टफोन त्यागने और बेसिक फोन अपनाने का निर्णय लिया। यह केवल मोबाइल तोड़ने की घटना नहीं, बल्कि समाज की उस पीड़ा की अभिव्यक्ति है, जो तकनीक के दुरुपयोग से उत्पन्न हुई है। गांव के युवाओं का विरोध भी स्वाभाविक है, क्योंकि आज शिक्षा, रोजगार, डिजिटल भुगतान और सरकारी सेवाएं स्मार्टफोन पर निर्भर हैं। इस घटना ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया है-क्या समाधान तकनीक का बहिष्कार है या उसके विवेकपूर्ण उपयोग का संस्कार? विश्व के अनेक देशों ने इस प्रश्न पर गंभीर चिंतन आरंभ कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिटेन, नीदरलैंड, चीन और अमेरिका जैसे देशों में बच्चों और किशोरों के स्मार्टफोन उपयोग को नियंत्रित करने की दिशा में अनेक पहलें हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया ने किशोरों के सोशल मीडिया उपयोग पर आयु-सीमा तय करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। फ्रांस ने स्कूलों में स्मार्टफोन प्रतिबंध लागू किया है। ब्रिटेन में भी स्कूलों में मोबाइल उपयोग को सीमित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अमेरिका में सोशल मीडिया कंपनियों के विरुद्ध मुकदमे दायर हुए हैं और उन पर भारी जुमार्ने लगाए गए हैं। इन पहलों का उद्देश्य तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

वास्तव में स्मार्टफोन जहां वरदान है, वहीं अभिशाप भी है। इससे ज्ञान का भंडार भी उपलब्ध है और भ्रम का संसार भी। यह शिक्षा का माध्यम भी है और अश्लीलता तथा हिंसा का प्रवेश-द्वार भी।

यह रोजगार के अवसर भी देता है और साइबर अपराध की राह भी खोलता है। आज अनेक युवा रातों-रात अमीर बनने की लालसा में साइबर ठगी, सेक्सटॉर्शन, ऑनलाइन जुआ और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे अपराधों में फंस रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैल रही अश्लील सामग्री, फेक न्यूज, नफरत और ट्रोल संस्कृति ने सामाजिक मूल्यों को गहरी चोट पहुंचाई है। सबसे अधिक चिंता का विषय बच्चों और किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य है। शोध बताते हैं कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और रचनात्मक क्षमता प्रभावित होती है। नींद में कमी, चिड़चिड़ापन, अवसाद, चिंता, आत्महत्या की प्रवृत्ति और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। परिवारों में संवाद कम हुआ है और डिजिटल निकटता के बावजूद भावनात्मक दूरियां बढ़ी हैं।